




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



**सुनालिया ज्वेलर्स**

हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता

मो. 94255-32524,94241-43922

पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 36 अंक 19 | कोरबा, शनिवार , दिनांक 19 अक्टूबर 2024 डाक 20 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में गुरु रामदास की जयंती की पूर्व संध्या पर धार्मिक जुलूस के दौरान एक सिख पुजारी सिखों की पवित्र पुस्तक श्री गुरु ग्रंथ साहिब को अपने सिर पर ले जाता है



**देश-विदेश**

अंजनेय स्वामी मंदिर में तोड़फोड़ मामले में पुजारी गिरफ्तार, बेसमेंट में लगाए थे विस्फोटक



**फीचर पेज**

रोजाना कुछ मिनट करें स्लेज पुश एक्सरसाइज, मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ




## पूर्वी इंफाल में दो उग्रवादी गिरफ्तार जिरिबाम के एक गांव में फिर भड़की हिंसा



**इंफाल, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।** मणिपुर के पूर्वी इंफाल जिले में दो उग्रवादियों क गिरफ्तार किया गया। दोनों की पहचान मुतुम इनाओ सिंह और ख्वायरकपम राजेन सिंह के तौर पर की गई है। उन्हें प्योरिरोम्बा खोंगनांगखोंग इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि दोनों पर जबरन वसूली और नुकसानदेह गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों आरोपियों के पास से दो दोपहिया वाहन, तीन मोबाइल फोन और 7,600 रुपये नकद बरामद किए गए। जिरिबाम जिले के एक गांव में उग्रवादियों ने हमला कर दिया, जिसके बाद शनिवार को फिर हिंसा भड़क गई। एक अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों ने पांच बजे गांव पर हमला किया। उन्होंने गांव में बमबारी भी कीकेंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस कर्मियों ने जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान दोनों तरफ से गोलीबारी हुई। अधिकारी ने कहा कि घटनास्थल पर अतिरिक्त सुरक्षाबलों को भेजा जा रहा है।

## हाजीपुर में पुलिस को बनाया बंधक, युवक की मौत के बाद मचा बवाल, इलाके में हड़कंप



**हाजीपुर।** हाजीपुर के महुआ थाना क्षेत्र के जलालपुर गगटी पंचायत वार्ड संख्या 6 में शराबी को पकड़ने के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक के परिवार वालों ने पुलिस पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस का कहना है कि पकड़ने के दौरान वह भागने के क्रम में गड्ढे में गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। वहीं कई पुलिसकर्मी को बंधक बना लिया। आक्रोशित लोगों ने पुलिस वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही महुआ एसडीपीओ सुरभ सुमन, कई थाना के पुलिस पदाधिकारी भारी संख्या में पुलिस बल लेकर घटनास्थल पर पहुंच गए।

# तेलंगाना में हिंदू मंदिरों पर हमलों से भड़का विश्व हिंदू परिषद आज राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान, कांग्रेस सरकार को घेरा

**हैदराबाद, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।** तेलंगाना में हिंदू मंदिरों पर हमलों के खिलाफ विश्व हिंदू परिषद ने मोर्चा खोल दिया है। संगठन ने तेलंगाना की कांग्रेस सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाया। 19 अक्टूबर यानी आज विश्व हिंदू परिषद राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगा। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में दो स्थानों पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को खंडित करने के मामले सामने आ चुके हैं। पुलिस ने दोनों ही मामलों में केस दर्ज कर लिया है। उधर, भाजपा ने घटना की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी से कराने की मांग की। कई अन्य धार्मिक संगठनों ने भी इन घटनाओं पर रोष व्यक्त किया। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा कि तेलंगाना के सभी जिला मुख्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।



अक्टूबर महीने में हैदराबाद में मूर्तियों को खंडित करने के दो मामले सामने आए। घटना के विरोध में भाजपा समेत कई धार्मिक संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। मंदिर में तोड़फोड़ के खिलाफ स्थानीय लोगों ने भी अपना विरोध दर्ज कराया। केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष जी किशन रेड्डी ने मुथ्यालम्मा मंदिर का दौरा भी किया।

## मेरी राजनीतिक भूमिका अरविंद केजरीवाल तय करेंगे पूर्व सीएम से मुलाकात के बाद बोले सत्येंद्र जैन



**नई दिल्ली।** आप के वरिष्ठ नेता सत्येन्द्र जैन ने शनिवार को कहा कि उनके भविष्य की राजनीतिक जिम्मेदारियां पार्टी और उसके संयोजक अरविंद केजरीवाल तय करेंगे। दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 18 महीने जेल में बिताने के बाद कल रात तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया।जब उनसे उनके भविष्य की राजनीतिक भूमिका के बारे में पूछा गया तो आप नेता ने कहा, हमारी पार्टी और अरविंद केजरीवाल जो भी कहेंगे, मैं वही करूंगा। राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कल दोपहर जैन को जमानत दे दी थी। वह आप के शीर्ष नेताओं में से एक हैं और तत्कालीन केजरीवाल सरकार में विभिन्न विभागों का कार्यभार संभाला था। उन्हें मई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा, अत्याचार किया जा रहा है। ऐसा लगता है कि ब्रिटिश शासन वापस आ गया है। सरकारों को जनता के लिए किए जा रहे काम पर प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए। लेकिन, भाजपा ऐसा नहीं करती है। वे कहते हैं कि हम आपको काम नहीं करने देंगे। जैन शकूरबस्ती निर्वाचन क्षेत्र से विधायक हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें केजरीवाल और आप सरकार के मोहल्ला क्लीनिक और यमुना सफाई के कार्यों को रोकने के लिए गिरफ्तार किया गया था।

## बीजेपी विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज, राहुल समेत कांग्रेस नेताओं के खिलाफ की थी अपमानजनक बयानबाजी



**बंगलूरू।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक बसनगौड़ा पाटिल यतनाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यतनाल के खिलाफ पुलिस ने उनके कथित बयान के लिए प्राथमिकी दर्ज की है। उन्होंने एक जनसभा के दौरान लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और कर्नाटक के मंत्री बी जेड जमीर अहमद खान के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की। इसके चलते उनके खिलाफ गांधी चौक पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इससे पहले एक अक्तूबर को जानकारी सामने आई थी कि यतनाल के खिलाफ पुलिस ने उनके कथित बयान के लिए मामला दर्ज किया है।

उन्होंने कथित तौर पर कहा था कि उनकी पार्टी के एक बड़े नेता ने राज्य में कांग्रेस सरकार गिराने के लिए एक हजार करोड़ रुपये अलग से रखे हुए हैं। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एस मनोहर की शिकायत के आधार पर, हाई ग्राउंड्स पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 192 के तहत मामला दर्ज किया था। यतनाल ने दावणगेरे में दावा किया था कि उनकी पार्टी के एक बड़े नेता ने राज्य की कांग्रेस सरकार को गिराने और मुख्यमंत्री बनने के लिए बड़ी राशि अलग से रखी हुई है।

## नमकीन फैक्ट्री में लगी आग गोदाम में रखा सामान जलकर खाक

**सीहोर, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।** शहर के देवनगर कॉलोनी में स्थित एक नमकीन फैक्ट्री में शनिवार सुबह अचानक आग लग गई। जब फैक्ट्री में आग लगी तो वहां कोई नहीं था। नमकीन फैक्ट्री संचालक को जब इसकी खबर मिली तो वो वह मौके पर पहुंचा। सूचना मिलने पर दमकल वाहन और दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। गोदाम में रखा सामान खराब हो गया। आग लगने के कारण का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। गनीमत रही कि आग ने आसपास के भवनों को चपेट में नहीं लिया और वरना बड़ा नुकसान हो सकता था।जानकारी के अनुसार देवनगर क्षेत्र में बजरंग नमकीन नाम से एक फैक्ट्री संचालित हो रही है। शनिवार सुबह अचानक इस फैक्ट्री में आग लग गई। आसपास के लोगों ने जब फैक्ट्री से धुआं उठता देखा तो उन्होंने इसकी सूचना फैक्ट्री संचालक राजेश राय को दी। साथ ही दमकलों को भी बुलाया गया। दमकलों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आसपास के लोगों ने बताया कि सुबह अचानक नमकीन फैक्ट्री के भवन से धुंआ निकलने लगा। लोगों को शुरुआत में लगा कि शायद फैक्ट्री में काम चल रहा है। कुछ देर बाद धुंआ काला और घाना होता गया। इस पर लोगों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद संचालक को सूचना दी गई।



## देशभर में माहौल खराब करना चाहता है पीएफआई ,ईडी का खुलासा

**नईदिल्ली, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम के तहत चल रही जांच में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया की गुप्त गतिविधियों का चौंकाने वाला खुलासा किया है। सामाजिक एजेंडे का मुखौटा ओढ़े हुए, पीएफआई पर कई स्तरों वाली साजिश, हथियार प्रशिक्षण, आतंकी फंडिंग और देश-विदेश में हिंसा भड़काने का आरोप है। जांच में पता चला कि पीएफआई की खाड़ी देशों में व्यापक मौजूदगी है, जिसमें 13,000 से अधिक सक्रिय सदस्य हैं, जिनमें कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और यूएई शामिल हैं. पीएफआई ने प्रवासी मुस्लिम समुदाय के लिए जिला कार्यकारी समितियां बनाई थीं, जिनका उद्देश्य करोड़ों रुपये जुटाना था। ये फंड कानूनी बैंकिंग और अवैध हवाला चैनलों के माध्यम से भारत में भेजे जाते थे, ताकि पीएफआई की अवैध गतिविधियों को चलाया जा सके और स्रोत को छिपाया जा सके। जहां पीएफआई खुद को एक सामाजिक आंदोलन के रूप में प्रस्तुत करता था, वहीं ईडी की जांच ने इसके वास्तविक एजेंडे का पर्दाफाश किया। इसका मकसद था हिंसक जिहाद के जरिए से भारत में अशांति फैलाना और देश को अस्थिर करना। जांच में यह भी सामने आया है कि पीएफआई ने अवैध फंड का उपयोग कई गैरकानूनी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया। इनमें हाल ही कुछ सालों में हुई घटनाएं भी शामिल हैं।



## इंदौर में हिट एंड रन... लर्निंग लाइसेंस पर ही दौडाई कार, टक्कर मारने के बाद एक किमी तक घसीटा

**इंदौर।** राऊ-राजेंद्रनगर के बीच हुई दुर्घटना देखकर लोग हैरान हैं। युवक के फंसने के बाद भी कार चालक भाग रहा था। पीछा करने पर उसने तेज कार चलानी शुरू कर दी। लोग सड़क पर बिखरे चिथड़े देखकर उसके पीछे-पीछे आते गए। आखिर में आरोपित चौराहा पर फंसा और कार रोकनी पड़ी। राजेंद्रनगर टीआई नीरज बिरथरे के मुताबिक आरोपित आदर्श गुर्जर के पास लाइसेंस नहीं था। उसने कुछ समय पूर्व ही लर्निंग लाइसेंस बनवाया था। बावजूद जाम गेट तक कार ले गया और व्यस्ततम मार्ग पर कार दौड़ाने लगा। पुलिसकर्मियों ने आदर्श से पूछताछ की तो बहाने बनाने लगा। उसने कहा कि एमराल्ड हाइट्स स्कूल के समीप कुछ चीज के टकराने की आवाज सुनाई दी थी। उसने सपना को टक्कर मारने से भी मना कर दिया। राहुल कार में फंसा था, यह भी कार रुकने पर पता चला। राहुल के भानजे सुनील के मुताबिक वह घटनास्थल पर मौजूद था।






## मुख्यमंत्री बनने के बाद आज पहली बार जम्मू आएंगे उमर अब्दुल्ला

### सज गया शेर-ए-कश्मीर भवन, लोगों की सरकार से कई उम्मीदें



**जम्मू, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।** जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री बनने के बाद उमर अब्दुल्ला शनिवार को पहली बार जम्मू आएंगे। जम्मू पहुंचते ही वह सबसे पहले पार्टी मुख्यालय शेर-ए-कश्मीर भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उनके स्वागत के पार्टी कार्यकर्ता दिनभर तैयारियों में लगे रहे। दिन भर शेर-ए-कश्मीर भवन को सजाने का कार्य चलता रहा। पार्टी कार्यालय में उमर अब्दुल्ला के स्वागत की तैयारियों को लेकर बैठकों का दौर भी चला। उमर अब्दुल्ला अक्सर जम्मू आने पर पार्टी कार्यालय जाते हैं और पार्टी कार्यकर्ताओं से भी मिलते रहते हैं लेकिन इस बार मुख्यमंत्री बनने के बाद वह पहली बार शेर-ए-कश्मीर भवन आ रहे हैं।

उनके जम्मू पहुचने की सूचना से ही नेकां कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं। नेकां के सचिव बशीर अहमद ने कहा कि उमर अब्दुल्ला लोक प्रिय नेता हैं।

## नाले में गिरी बस, 3 की मौत, साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में हादसा



**सिद्धार्थनगर, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में कल रात साइकिल सवार को बचाने की कोशिश में बस नाले में जा गिरी। हादसे में साइकिल सवार सहित तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 24 लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक (एसपी) प्राची सिंह ने बताया कि पुलिस को कल लगभग साढ़े आठ बजे सूचना मिली कि एक बस जो बलरामपुर से सिद्धार्थनगर आ रही थी, ढेबरुवा थाना अंतर्गत चरगहवा नाले में गिर गई।

उन्होंने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को निकाला, हादसे के समय बस में 53 लोग सवार थे। सिंह ने बताया कि इस हादसे में एक किशोर समेत तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में हादसा हुआ। साइकिल सवार की भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान साइकिल सवार मंगनी राम (50) और बस यात्री अजय वर्मा (14) तथा गामा (65) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक हादसे में 24 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं जिनका सीएससी बढ़नी और सिद्धार्थनगर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। बस सवार मुंडन कार्यक्रम से लौट रहे थे। वहीं शुक्रवार शाम प्रतापगढ़ से भी हादसे की ऐसी ही खबर मिली। यहां बाघराय क्षेत्र में एक सड़क हादसे में 20 लोग घायल हो गए।





**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार

डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)

-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा



# कलेक्टर ने न्योता भोज में शामिल होकर बच्चों को परोसा भोजन





**कोरबा ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्रीविष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले के स्कूलों में लगातार न्योता भोज का आयोजन किया जा रहा है। कोरबा जिले में लगभग 400 से अधिक विद्यालयों में न्योता भोज के माध्यम से विद्यार्थियों को विशेष भोजन तथा प्रोत्साहन दिया जा चुका है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत ने आज करतला विकासखण्ड के वनांचल ग्राम कोटमेर के शासकीय प्राथमिक शाला में ग्रामीणों द्वारा आयोजित न्योता भोज कार्यक्रम में सपत्नीक शामिल होकर विद्यार्थियों को खीर, पूड़ी के साथ भोजन परोसा। इस दौरान उन्होंने बच्चों एवं ग्रामीणों के साथ बैठकर भोजन किया और नागरिकों से अपील की कि वे अपने जन्मदिन अथवा किसी भी महत्वपूर्ण विशेष अवसरों पर आसपास के विद्यालयों में जाकर न्योता भोज का आयोजन करें और अपने विशेष दिन को और यादगार बनाएं। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से चर्चा करते हुए उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की सीख दी और शिक्षा के महत्व को बताया। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को अपने माता-पिता, रिश्तेदारों तथा आसपास के ग्रामीणों से मातृभाषा में बातचीत करने प्रोत्साहित किया। न्योता भोज के कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी टी. पी. उपाध्याय, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्य, ग्राम कोटमेर के सरपंच और विद्यार्थियों के पालकगण तथा अन्य ग्रामीण भी शामिल हुए। न्योता भोज कार्यक्रम के दौरान कोटमेर के ग्रामीणों ने कलेक्टर वसंत से चर्चा की और क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

## डीएमएफ से 18 आदिवासी छात्रावासों में बनेंगे पहुंच मार्ग, विद्यार्थियों को आवागमन में होगी आसानी

**कोरबा ।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में खनिज न्यास संस्थान मद से लगातार विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री अजीत वसंत द्वारा 21 नए कार्यों के लिए डीएमएफ मद से 05 करोड़ 37 लाख 88 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन कार्यों में सुतर्रा के तिलवारीपारा में वृहद पुल निर्माण का कार्य, कनकी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन और दूरस्थ ग्राम पंचायत सिरमिना हाईस्कूल में अहाता निर्माण सहित 18 आदिवासी छात्रावास भी शामिल हैं। जहां छात्रावास तक पहुंचने सीसीरोड निर्माण हेतु 01 करोड़ 27 लाख 75 हजार राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। छात्रावासों तक पक्का मार्ग नहीं होने से विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। सी.सी. रोड बनने से छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थियों को आवागमन में आसानी होगी।

कलेक्टर द्वारा जिले के आदिवासी कन्या आश्रम कोरबा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 4,44,000, प्री.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास भैंसमा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 9,76,000, पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास कोरबा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य 9,76,000, प्री.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास कुदमुरा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 4,44,000.00, आदवासी बालक आश्रम बिरतराई में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 5,32,000, प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास फततेगंज में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 4,44,000, प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास जर्वे में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 9,76,000, प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास बिरदा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 6,21,000, पो.मै. आदिवासी कन्या छात्रावास कटघोरा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य 5,32,000, प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास जवाली में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 5,32,000, आदिवासी बालक आश्रम मुरली में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 9,76,000, आदिवासी कन्या आश्रम रंजना में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 9,76,000, प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास तिवरता में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 5,32,000.00, आदिवासी बालक आश्रम चोढ़ा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 5,32,000, आदिवासी बालक आश्रम चैतमा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 7,98,000, प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास पाली में सी.सी. रोड निर्माण कार्य 5,32,000, आदिवासी कन्या आश्रम तिलकेजा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 9,76,000, प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास बिझंरा में सी.सी. रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 9,76,000 शामिल हैं।इसी तरह कलेक्टर द्वारा सुतर्रा से तिलवारीपारा व्हाया डोंगरी बसंतपुर मार्ग के आरडी 2300 मीटर में वृहद पुल निर्माण कार्य के लिए 01 करोड़ 96 लाख 37 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस कार्य के लिए कार्यपालन अभियंता छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण परियोजना क्रियान्वयन कोरबा को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत सिरमिना हाईस्कूल मैदान में आहाता निर्माण कार्य के लिए 13 लाख 75 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

इस कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड करतला अंतर्गत कनकी में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन निर्माण कार्य हेतु 02 करोड़ रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इस कार्य के लिए ईई आरईएस पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग कोरबा को क्रियान्वयन एजेंसी नियुक्त किया गया है।

# राइफल भी संभालेंगे और धर्म शिक्षक की भूमिका भी निभाएंगे रोहित



### मंदिर में पूजा पाठ के साथ अभ्यास करने से हुआ सेना में चयन

**कोरबा, जमनीपाली।** दृढ़ निश्चय के आगे कुछ भी असंभव नहीं है। एनटीपीसी जमनिपाली के शिव मंदिर में पूजा पाठ के काम से जुड़े रोहित द्विवेदी का चयन भारतीय सेवा में धर्म शिक्षक के रूप में हो गया है। वह शस्त्र भी संभालेंगे और शास्त्र भी। सेना में चयन होने के बाद पहली बार जमणिपाली आने पर उनका भव्य स्वागत हुआ।

पिछले 7 वर्ष से रोहित द्विवेदी जमनिपाली मैं रहने के साथ मंदिर में भगवान की पूजा अर्चना से जुड़े हुए थे। इसी के साथ उन्होंने मानसरोवर स्टेडियम में पूर्व सैनिकों के संगठन के द्वारा दी जा रही निशुल्क ट्रेनिंग को ज्वाइन किया और आखिरकार भारतीय सेना में जाने के सपने को सच कर दिखाया। उनके सम्मान में मंदिर में कार्यक्रम रखा गया। स्वागत कार्यक्रम में लोगों के द्वारा जय घोष किया गया। मंदिर प्रबंधन समिति की ओर से कहा गया कि रोहित सेवा में अपने कर्तव्य के साथ सैनिकों को धर्म की शिक्षा देने का काम भी करेंगे।

मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के रहने वाले रोहित द्विवेदी ने बताया कि कुछ वर्ष पहले वह अपनी मां के साथ ट्रेन में सफर कर रहे थे, तब एक सैनिक को देखकर संकल्प लिया गया कि एक दिन उन्हें भी यही वर्दी पहननी है अपने देश के लिए।

भारतीय थल सेना का हिस्सा बनने से प्रसन्नचित रोहित ने मीडिया के सवालों के जवाब में बताया कि अपने संकल्प को पूरा करने के लिए उन्होंने मंदिर में पूजा पाठ और अन्य काम करने के बीच शारीरिक अभ्यास जारी रखा। सात बार असफलता मिली और सबसे अंतिम बार तो केवल कुछ सेकंड का ही अंतर रह गया था। फिर भी उन्होंने हार नहीं मानी और मानसरोवर स्टेडियम में पूर्व सैनिक संगठन के द्वारा कराके जा रहे अभ्यास में शामिल होने के साथ तकनीकी गलतियों को दूर किया।

पूर्व सैनिक संगठन के एक सदस्य ने बताया कि वह युवाओं को मिलिट्री में जाने के लिए लगातार प्रोत्साहित कर रहे हैं और उन्हें आवश्यक जानकारी भी दे रहे हैं। खुशी इस बात की है कि पूरे मन से अभ्यास में रुचि लेने वालों को सफलता मिल रही है।

भगवान के प्रति समर्पण रखने वाले रोहित द्विवेदी ने भविष्य संवारने और राष्ट्र के प्रति अपने सरोकारों दिखाने के लिए जो इच्छा शक्ति दिखाई ,उसके नतीजन वे सेना में धर्म शिक्षक बन गए है। याद रखना होगा कि दूसरे विभागों की नौकरियों में दिए जाने वाले आरक्षण की व्यवस्था सेना में नहीं है और इसके जरिए योग्य प्रतिभाएं अवसर का लाभ ले पा रही है।

# जिले में तेजी से बढ़ रहें टीबी के मरीज,प्रदूषण मुख्य जिम्मेदार

### पोषण आहार के लिए दी जाने वाली राशि में हुआ इजाफा

कोरबा । कोरबा जिले में टीबी रोग तेजी से पैर पसार रहा है। जानकारी के अनुसार अब तक 1250 मरीज मिल चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग ने जांच और उपचार के लिए आशा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी तय की है। यह टीम मरीजों की स्क्रीनिंग करती है। साथ ही उनकी जांच के लिए खंखार (कफ) के सैंपल भी लिए जा रहे हैं। इनकी जांच जिला अस्पताल में संचालित टीबी की प्रयोगशाला में की जा रही है।पॉजिटिव आने पर मरीजों का इलाज भी शुरू कराया जाता है। टीबी के मरीजों को प्रोटीन व पौष्टिक भोजन प्राप्त करने के लिए मिलने वाली राशि में सरकार ने राहत दी है। अब उन्हें निक्षय पोषण योजना के तहत 1 हजार रुपए प्रतिमाह दिए जाएंगे। इस योजना का उद्देश्य टीबी रोगियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसके लिए अब तक मरीजों को 500 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे थे। जिसे बढ़ाया गया।जिले में इस साल 16 अक्टूबर तक 1200 से अधिक टीबी मरीज मिल चुके हैं। जिनको निक्षय पोषण योजना के अंतर्गत मिलने वाली राशि डीबीटी के माध्यम से 1 नवंबर को उनके बैंक खाते में भेजी जाएगी। विश्व भर से टीबी खत्म करने के लिए वर्ष 2035 तक का लक्ष्य है, लेकिन केंद्र सरकार ने देश में वर्ष 2025 तक का लक्ष्य रखा है। टीबी के अधिकांश मरीज ऐसे हैं, जिनके पास पौष्टिक आहार लेने की व्यवस्था नहीं है, उनके लिए अप्रैल 2018 से सरकार द्वारा राशि खातों में भेजी जा रही हैं। 6 महीने तक चलने वाले इलाज में मरीजों को हर माह 500 रुपए दिए जाते हैं जो बढ़ती महंगाई के दौर में पर्याप्त नहीं है। अब बढ़ी हुई राशि मरीजों को दो किस्तों में दी जाएगी। पहली किस्त 3 हजार रुपए मरीज में टीबी की पुष्टि होने पर और दूसरी इलाज के 84 दिन पूरे होने के बाद दी जाएगी। 6 माह में पहले 3 हजार 750 रुपए मिलते थे। अब टीबी मरीजों को 6 माह में 6 हजार 750 रुपए दिए जाएंगे। इससे टीबी के मरीजों को लाभ मिलेगा। साथ ही जल्द मरीज स्वस्थ होंगे। मरीजों को पोषण आहार 6 माह के लिए ही दिया जाता है।

उल्लेखनीय हैं कि केंद्र व प्रदेश सरकार की ओर से टीबी के मरीजों के इलाज और इस रोग के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर नई योजनाओं का लागू किया जा रहा है। टीबी मरीजों के प्रति संवेदनशील रुख अपनाने व कमी लाने के लिए उन्हें गोद लेने के प्रेरित किया जा रहा है। इसमें जिले के कलेक्टर से अन्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी संस्था गोद लिए हैं। जिले में वर्तमान में कुल 800 निक्षय मित्र हैं, जो टीबी के मरीजों को किसी ने एक माह तो किसी ने 6 माह का पोषण आहार दिया है।

### एसईसीएल में डिजिटल प्रणाली से भूमि अधिग्रहण हो रहा सुलभ एवं पारदर्शी

कोरबा । साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल), प्रोजेक्ट डिजिकोल के तहत भूमि अधिग्रहण और प्रबंधन प्रणाली के सफल कार्यान्वयन के माध्यम से डिजिटल ट्रांसफोरमेशन को बढ़ावा दे रही है। इस पहल से भारत सरकार के विशेष अभियान 4.0 के तहत डिजिटलीकरण और प्रक्रियाओं को सरल बनाने पर जोर दिया जा रहा है।

### सीएम के खिलाफ अपमानजक टिप्पणी पर व्याख्याता निलम्बित

**रायपुर / कोरबा।** महंगाई भत्ता को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना कोरबा जिले के एक शिक्षक को भारी पड़ गया। DPI ने तत्काल प्रभाव से व्याख्याता को सस्पेंड करने का आदेश दिया है। पिछले दिनों राज्य सरकार ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाकर 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता राज्यकर्मियों का किया था। हालांकि राज्य सरकार की इस घोषणा से शिक्षक व कर्मचारी खुश नहीं थे। अलग-अलग तरीकों से शिक्षकों ने इसका विरोध भी जताया था। कोरबा जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी विकासकंड करतला में पदस्थ व्याख्याता नित्यानंद यादव ने इस मुद्दे पर फेसबुक पर मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया पर किये इस पोस्ट पर शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया और नित्यानंद यादव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। व्याख्याता नित्यानंद यादव को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला जांजगीर-चाम्पा अटैच किया गया है

## बोर खुदाई कार्य के दौरान सड़क पर फैला मलबा,आवागमन में बाधा

### व्यवसाय भी हुआ प्रभावित

**कोरबा ।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत विकास नगर कॉलोनी में पानी के लिए बोर की खुदाई की गयी। इस खुदाई से निकले भारी कीचड़ रूपी मलबे के कारण कॉलोनी का मुख्य मार्ग बाधित हो गया। जैसे-तैसे लोग कीचड़ के बीच से इस पार से उस पार हुए। पानी की खुदाई करने वाले बोर मशीन ने खुदाई कर अपना बोरिया बिस्तर बांध कर चला गया। उक्त मलबा युक्त कीचड़ सड़क के साथ-साथ लोगों के दुकानों के सामने जमा हो गया ऐसे में कई दुकाने तो खुल भी नहीं सकें। चार पहिया और दुपहिया वाहन जैसे-तैसे इस कीचड़ से पार हुए, पैदल चलने वालों को तो रास्ता ही बदलना पड़ा। जानकारी के अनुसार एसईसीएल सिविल विभाग के कर कमलों से विकास नगर बिजली ऑफिस के पास एक श्रमिक संगठन के कार्यकाल के ठीक सामने हुए इस बोर की वजह से देर शाम लोगों को आवाजाही थम गई। वहीं जब कुछ जागरूक लोगों ने कीचड़ मलबे की वजह से हो रही परेशानी की शिकायत सिविल विभाग के अधिकारियों से की।

## निर्माण सामग्री की चोरी कर शहर में खपाया, आठ लोग गिरफ्तार

कोरबा। मानिकपुर पुलिस ने चोरी के एक मामले में जांच पड़ताल के साथ कार्रवाई की है इस सिलसिले में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है । इनमें चोरी करने वाले के साथ-साथ सामान खरीदने वाले शामिल है। संबंधित के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धाराओं में अपरांत पंजीबद्ध करते हुए अगली प्रक्रियाओं को पूरा किया जा रहा है।

4 अक्टूबर की रात को साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड मानिकपुर प्रोजेक्ट के अंतर्गत चोरी की यह घटना हुई थी। कोयला कंपनी के द्वारा अपने क्षेत्र में कई प्रकार के अद्भुत संरचना से संबंधित कामकाज कराए जा रहे हैं और इसके लिए निजी कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है। कंपनी ने इस क्षेत्र में निर्माण को जारी रखने के लिए बड़ी मात्रा में निर्माण सामग्री का स्टोरेज कर रखा है और इसके लिए एक अस्थाई साइड भी बना रखी है। घटना की रात यहां पर कंपनी के कुछ कर्मचारी मौजूद थे। मध्य रात्रि को मौके पर घातक चीजों के साथ आपराधिक तत्व पहुंचे और लोहे की सरिया एंगल के अलावा कई चीजों को पार कर दिया। कंपनी के ठेका कर्मचारियों को डरा धमका कर इस घटना को अंजाम दिया गया। स्थानीय प्रभारी को संबंधित पीड़ितों ने कुछ देर के बाद इस बारे में अवगत कराया। इसके बाद मानिकपुर पुलिस को इस मामले की जानकारी दी गई। मानिकपुर चौकी प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि प्रकरण में गंभीरता दिखाने के साथ अलग-अलग स्रोत से जानकारी एकत्रित करने का काम शुरू किया गया। गुप्त चारों को भी इस काम में सक्रिय किया गया। संयुक्त रूप से मिले इनपुट के आधार पर मामले में कुल 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी मिली है कि चोरी की घटना को 6 लोगों ने अंजाम दिया था।

## ठेका श्रमिकों की मांग नहीं हुई पूरी,सौंपा ज्ञापन

कोरबा । कोयला श्रमिक संघ सीटू कुसमुंडा क्षेत्र के तत्वावधान में महाप्रबंधक राजीव सिंह को ठेका श्रमिकों की मुद्दों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें बोनस एक्ट 1965 के तहत ठेका श्रमिकों को हाई पावर कमेटी की फैसले के आधार पर बोनस देने की चर्चा के दौरान महाप्रबंधक ने दीपावली से पहले बोनस देने की बात कही। कोयला श्रमिक संघ सीटू ने मांग पत्र के माध्यम से ठेका मजदूरों को बोनस भुगतान करने की मांग रखी है, इसमें कोल इंडिया की स्टैंडडाइजेशन कमेटी की बैठक 29 सितंबर को दिल्ली में आयोजित हुई थी। इसमें उपरोक्त संदर्भ में कहा गया था कि ठेका मजदूरों को बोनस दिया जाएगा, लेकिन दुर्भाग्य है कि जहां कोयला खदानों में अधिकतम कामगार जो काम करते हैं उनका उत्पादन में लगभग 60त्न से 70त्न का योगदान रहता है लेकिन प्रबंधक द्वारा यह इन्हें कानूनी प्रावधान में नहीं आन की बात कहकर बोनस नहीं मिल पाने की बात कही जाती है।

## एसईसीएल के मेगा परियोजना का डीटी ने किया निरीक्षण

### उत्पादन बढ़ाने पर दिया जोर

**कोरबा ।** सार्वजनिक क्षेत्र के वृहद उपक्रम कोल् इंडिया के अधीन संचालित एसईसीएल बिलासपुर की कोरबा-पश्चिम क्षेत्र में स्थापित खुले मुहाने की गेवरा कोयला परियोजना अंतर्गत एसईसीएल की मेगा परियोजना साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के निदेशक तकनीकी (संचालन) एस.एन. कापरी ने 17 अक्टूबर को दीपका खदान का दौरा किया। उन्होंने फेस पर जाकर ओवरबर्डन रिमूवल और कोयला खनन का निरीक्षण कर टीम को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

श्री कापरी ने कोयला उत्पादन में वृद्धि पर जोर देते हुए कहा कि लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूरा प्रयास करना होगा।

उन्होंने खदान की कार्यशैली का जायजा लिया और कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा की इस दौरे का उद्देश्य कोयला उत्पादन में सुधार और खदान की कार्य क्षमता में वृद्धि करना है। एसईसीएल की दीपका खदान कोयला उत्पादन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है

# शहर के मुख्य मार्गो का मरम्मत कार्य हुआ शुरू



**कोरबा ।** कोरबा जिला नगर निगम महापौर राजकिशोर प्रसाद ने नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा शहर की जीर्ण-शीर्ण डामरीकृत सड़कों का कराए जा रहे मरम्मत व पेंच रिपेयरिंग कार्य का निरीक्षण किया तथा कार्य का परीक्षण करते हुए गुणवत्ता को जांचा। उन्होने मरम्मत कार्य को पूरी गुणवत्ता के साथ कराए जाने के निर्देश निगम के अभियंताओं एवं कार्य एजेंसी को दिए।इस मौके पर सभापति श्यामसुंदर सोनी, एम.आई.सी. सदस्य संतोष राठौर, कृपाराम साहू, प्रदीप जायसवाल, सुखसागर निर्मलकर, पार्षद रवि चंदेल, मुकेश राठौर, अधीक्षण अभियंता एम.के. वर्मा, कार्यपालन अभियंता एन.के. नाथ, सहायक अभियंता पीयूष राजपूत आदि के साथ अन्य उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वर्तमान में शहर की जीर्ण-शीर्ण डामरीकृत सड़कों की मरम्मत व पेंच रिपेयरिंग का कार्य एजेंसी के माध्यम से कराया जा रहा है, शहर की जिन सड़कों की मरम्मत व पेंच रिपेयरिंग का कार्य किया जाना हैं, उनमें आई.टी.आई. चौक से अंधरीकछार विद्यालय तक डामरीकृत सड़क मरम्मत कार्य, अंधरीकछार स्कूल से जैन मंदिर तक डामरीकृत सड़क मरम्मत कार्य, शास्त्री चौक से आई.टी.आई. चौक तक डामरीकृत सड़क मरम्मत कार्य, घंटाघर चौक से सुभाष चौक तक डामरीकृत सड़क मरम्मत कार्य, सुभाष चौक से शास्त्री चौक तक लेफ्ट साईट डामरीकृत सड़क मरम्मत कार्य, सुनालिया चौक से टी.पी. नगर चौक तक बी.टी. सड़क का पेंच रिपेयरिंग कार्य, गुलाटी इलेक्ट्रानिक्स से सुनालिया ब्रिज तक बी.टी. सड़क का पेंच रिपेयरिंग कार्य, टी.पी. नगर चौक से सी.एस.ई.बी. चौक तक बी.टी. सड़क का पेंच रिपेयरिंग कार्य तथा सीएसईबी चौक से गुलाटी इलेक्ट्रानिक्स तक बी.टी. सड़क का पेंच रिपेयरिंग कार्य आदि कार्य शामिल है। महापौर राजकिशोर प्रसाद ने व्ही.आई.पी. रोड में आई.टी.आई चौक से अंधरीकछार स्कूल तक किए जा रहे डामरीकृत सड़क के मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा पूरी गुणवत्ता के साथ मरम्मत व पेंच रिपेयरिंग का कार्य किए जाने के निर्देश अभियंताओं व कार्य एजेंसी को दिए।

## स्व. नितेश अग्रवाल को लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकूड़ा में दी गई श्रद्धांजलि



**कोरबा ।** लायंस पब्लिक स्कूल ट्रस्ट के चेयरमेन, समाज सेवी, लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल के छोटे पुत्र स्व. नितेश कुमार अग्रवाल को ग्राम खरहरकूड़ा (मड़वारानी) स्थित नितेश कुमार मेमोरियल लायंस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों, अध्यापकगणों एवं कर्मचारियो ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी। चार वर्ष पूर्व 18 अक्टूबर 2020 को नितेश कुमार का आकस्मिक निधन हो गया था। उनकी स्मृति में उनके पिता राजकुमार अग्रवाल ने लायंस पब्लिक स्कूल खरहरकूड़ा का नाम रखा। स्व. नितेश कुमार अग्रवाल के सपनों को लायंस पब्लिक स्कूल एवं लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के माध्यम से साकार करने में श्री अग्रवाल लगे हुए हैं। उनकी यादों को चीर स्मृति रखने के लिए हर साल विद्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर लायंस क्लब कोरबा गुरूकुल के सदस्यों ने भी श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि देने वालों में विद्यालय ट्रस्ट के चेयरमेन एवं नितेश के पिता लायन डॉ. राजकुमार अग्रवाल, क्लब के वरिष्ठ सदस्य लायन दर्शन अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष मनोज गुप्ता, क्लब सचिव सुरेंद्र डनसेना, प्राचार्य दीपक जायसवाल, एचओडी श्री थामस, सुभाष चंद्र अनंत, मनोरमा शर्मा सहित क्षेत्र के नागरिक, अध्यापकगण एवं विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।

### थैरेपिस्ट के पदों पर भर्ती हेतु दावा आपत्ति 23 अक्टूबर तक आमंत्रित

**कोरबा।** जिले में दिव्यांग बच्चों हेतु 50 सीटर बाधारहित आवासीय छात्रावास में विशेष शिक्षक/थेरेपिस्ट के पदों के लिए दस्तावेज सत्यापन/साक्षात्कार पश्चात् पद हेतु प्राप्त अंकों के आधार पर उपस्थित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची वेबसाइट www.korba.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पटल पर जारी की गई है। इस संबंध में किसी अभ्यर्थी को आपत्ति होने पर साक्ष्य के साथ 23 अक्टूबर 2024 तक कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि उपरांत किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी।

# मोटिवेटर और एजुकेटर अवध ओझा को सुनते रहे हजारों लोग

## हरिलीला ट्रस्ट के बहुआयामी आयोजन में ओझा सर ने दिए सफलता के सूत्र

**जांजगीर।** मिडिल क्लास परिवार बच्चों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते है उसी चिंता से कुप्रथा पैदा हुई हैं। लेकिन अब डरने की जरूरत नही। अब बहुत सारे विकल्प खुल गये है। मैं आपको कहना चाहता हूँ अपने बच्चों को उनकी तरह जीने दे सिर्फ मार्गदर्शन करें। आप सबके बच्चें कुछ ना कुछ अच्छा करेंगे। बच्चों को तनाव से निकालने का सबसे प्यारा तरिका है कि पैरेंट व टीचर उनके बौद्धिक और शारीरिक और मानसिक विकास पर ज्यादा ध्यान दें। आज आपका बच्चा शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत है तो उसका भविष्य बहुत अच्छा होगा। भविष्य को लेकर डराये नही तभी वह तनाव से बाहर निकलेंगे। उक्त बातें हरिलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया के जन्मदिन पर आयोजित महती आयोजन में हजारो की तादात में मौजूद युवाओं और लोगों को विश्वविख्यात मोटिवेटर और एजुकेटर अवध ओझा ने कही। आयोजन स्थल के मंच पर ट्रस्ट के सचिव अमर सुल्तानिया ने उनका कोसे का साल और प्रतिक चिन्ह के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री और पूर्व आई.ए.एस. ओ.पी. चौधरी ने भी ऑनलाईन संबोधित किया और अपने संघर्ष की कहानी से युवाओं को प्रेरित किया।



बता दें कि विश्वविख्यात मोटिवेटर अवध ओझा सर के इस बहुप्रतिक्षित और बहुआयामी आयोजन का इंतजार अंचल के लोगों को लंबे समय से था 16 अक्टूबर को हरिलीला ट्रस्ट के इस महत्वपूर्ण आयोजन में हजारो की तादात में युवा और आम लोग शामिल हुए। इस दौरान अवध ओझा सर ने जब अपने चिरपरिचित मुखर अंदाज के साथ बोलना शुरू किया तब लोग मंत्र मुग्ध होकर उन्हे सुनते रहें जिसमें उन्होने युवाओं को शिक्षा और समय का सही प्रबंधन, बदलते परिवेश में सफलता पाने चुनौतियों से सामना करने का तरीका, प्रतियोगी परीक्षाओं के तैयारी के गुण सिखाए। वे बीच-बीच में सामान्य ज्ञान के सवाल भी करते रहे जिसके जवाब देने का प्रयास भी मौजूद विद्यार्थियों ने किया।

कान्हा पैलेश के विशाल सभागार में मौजूद हजारों युवाओं और आमजन को संबोधन के दौरान अवध ओझा सर ने हरिलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष और क्षेत्र के उद्योगपति व समाज सेवी लीलाधर सुल्तानिया का संदर्भ देते हुए कहा कि मैं रतन टाटा से तो नही मिल पाया पर आज छ.ग. के रतन टाटा से मुलाकात हो गई। उन्होने कहा कि सुल्तानिया जी आज जहां पर हैं वहां तक पहुंचने में उनके संघर्ष की लंबी कहानी होगी। आप सब को सुल्तानिया परिवार को व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर धन्यवाद देना चाहिए क्योंकि उनके द्वारा अपना किमती समय और पैसे खर्च कर आपके लिए यह महत्वपूर्ण आयोजन कराया हैं।

सफलता के मंत्र देने के दौरान अवध ओझा सर ने उन्हे सुनने आए हजारों युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आई.ए.एस. बनने के अब बहुत सारे रास्ते हैं। अंतिम दूर दराज के गांवो के या छोटे शहरों के छात्रों को अब दिल्ली जाकर लाखों रूपए कोर्स पर खर्च करने की आवश्यकता नहीं है अब बहुत कम खर्च पर ऑनलाईन पढ़ाई हो रही है जिसका लाभ भी मिल रहा है उन्होने कहा कि मैं छात्रों से अब बाहर मत जाओ घर पर रहकर ही ठोस तैयारी करो।

हरिलीला ट्रस्ट के आयोजन में वित्त मंत्री और पूर्व आई.ए.एस. ओ.पी. चौधरी केबिनेट की बैठक होने की वजह से मौजूद नही हो सकें पर उन्होने अपने अतिव्यस्त क्षणों में से बीस मिनट निकालकर उपस्थित जनों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होने अपने आई.ए.एस. बनने के संघर्ष की कहानी बताकर मौजूद छात्रों को प्रेरित किया। उन्होने कहा कि सकारात्मक सोच और प्रतिबद्धता आपकी सफलता तय करती है। साथ ही कहा कि जूनुन और जज्बा हो तो दुनिया की कोई भी ताकत आपका रास्ता नही रोक सकती। अपने संघर्ष से सफलता के अनुभव को बांटते हुए उन्होने युवाओं से कहा कि बायंग जैसे छोटे से गांव से पैदा होकर 4 कक्षा तक पढ़ी मां और आठ साल की उम्र में पिता को खोने के बाद उन्होने आई.ए.एस. बनने का जूनुन कायम रखा और छ.ग. के पहले आई.ए.एस. बने। इस दौरान उन्होने हरिलीला ट्रस्ट के अध्यक्ष लीलाधर सुल्तानिया को जन्मदिन की बधाई देते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की।

**मेघावी छात्रों का हुआ सम्मान**

हरिलीला ट्रस्ट के द्वारा मेघावी छात्रों को प्रोत्साहित करने का काम जारी है इसी कड़ी में इस बार भी विश्वविख्यात मोटिवेटर अवध ओझा सर की मौजूदगी में 10वी, 12वी के मेघावी छात्रों कुमारी वंशिका सिंह राठौर और कुमारी जागृति प्रजापति का 21-21 हजार रूपए का चेक मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही नीट की परीक्षा में छ.ग. में सर्वाधिक अंक अर्जित करने वाले गौरव अग्रवाल को 11000 रूपए का चेक मोमेंटो और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## राज्यपाल पुरस्कार जांच परीक्षा में 4 सफल

**सक्ती।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स ज़िला संघ सक्ती के शासकीय हाई स्कूल परसदाखुर्द से 4 स्काउट्स ने राज्य पुरस्कार जाँच परीक्षा उत्तीर्ण कर ज़िले को गौरवान्वित किया।

ज़िला सक्ती के कलेक्टर ( ज़िला संरक्षक )अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता व ज़िला शिक्षा अधिकारी (पदेन कमिश्नर) एन के चंद्रा के मार्गदर्शन में शासकीय हाई स्कूल परसदाखुर्द से राज्य पुरस्कार जाँच शिविर में 4 स्काउट्स छात्र लक्की सिदार, युवराज पटेल, रोहन कुमार केंवट, पुष्कर सिंह जगत ने स्काउट मास्टर सुरेंद्र कुमार सिदार के दिशा निर्देश में ई राघ्वेन्द्र राय शा. विज्ञान महाविद्यालय सीपत रोड बिलासपुर में आयोजित 5 दिवसीय राज्य पुरस्कार परीक्षा 2024 में सफलता हासिल कर ज़िले का नाम रोशन किया। शाला के वरिष्ठ यूनिट लीडर श्रीमती कमलादपि गवेल व स्काउटर सुरेंद्र कुमार सिदार के मार्गदर्शन में विद्यालय यूनिट ने यह उपलब्धि प्राप्त किया। भारत स्काउट गाइड जिला संघ सक्ति जिला कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने पूरी टीम को शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

## जंगल में जुआ की फड़, तीन पकड़ाए

**जांजगीर।** बलौदा पुलिस द्वारा जुआ एक्ट की कार्यवाही किया गया। ग्राम खिसोरा के छाता जंगल में कुछ जुआडियान रूपये पैसे का दाव लगाकर तास पत्ती से हार जीत का काट पत्ती नामक जुआ खेल रहे है कि सूचना पर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया जो मौके पर आरोपीयान (01) सीत कुमार यादव उम्र 38 वर्ष ग्राम मडवा थाना जांजगीर (02) यशवंत यादव उम्र 34 वर्ष ग्राम सरखो चौकी नैला (03) शिव कुमार नागरची उम्र 35 वर्ष ग्राम कुदरी थाना जांजगीर जिला जांजगीर चांपा को काट पत्ती नामक जुआ खेलते पकडा गया जिनके कब्जे से 11000/ रूपये नगदी, 52 पत्ती तास, मौके से 05 नग मोटर सायकल बरामद किया जाकर आरोपियों का कृत्य धारा 3 (2) छ. ग. जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का घटित करना सबूत पाए जाने से विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही किया गया।



### चरणदास को मिली ओडिशा के संगठन में जिम्मेदारी

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत को अखिल भारतीय कांग्रेस राष्ट्रीय कांग्रेस ने ओडिशा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठनात्मक कार्यों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव केसी वेणु गोपाल ने इस संबंध में पत्र जारी किया है। इस पर डॉक्टर चरण दास महंत ने कहा कि जिस भरोसे और विश्वास के साथ उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। डॉक्टर चरण दास महंत वर्तमान में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष व शक्ति के विधायक है। वे पूर्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष रह चुके हैं।



## भगवान की भक्ति प्राप्त करना ही मानव जीवन का लक्ष्य है :न्यायमूर्ति शर्मा

**चांपा।** श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ क्या है? यह बात बहुत दिनों तक समझ में नहीं आया! सोचा कि यहां तो भक्ति की बातें की जाती है फिर ज्ञान यज्ञ क्यों कहते हैं? किंतु यहां आकर अब समझ में आया कि ज्ञान मार्ग से ही भक्ति आती है। भगवान की भक्ति प्राप्त करना ही मानव जीवन का परम लक्ष्य है! यह बातें पूर्व लोकायुक्त, न्यायमूर्ति टी पी शर्मा ने श्री राम मंदिर परिसर, माझाखोल, पिहरीद में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में श्रोताओं को संबोधित करते हुए अभिव्यक्त किया। उन्होंने कहा कि - पापी जीव को भगवान के समीप लाने का कार्य भागवत महापुराण करती है?। महाराज और इस परिवार का आभारी हूं जिसने मुझे इस कार्यक्रम में उपस्थित होने का सौभाग्य प्रदान किया। इसके पूर्व उन्होंने व्यास पीठ पर विराजित आचार्य दिनेश दुबे जी से साल श्री फल भेंट करके आशीर्वाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि श्री राम मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए श्री शर्मा जी अपने सहयोगी अनिल शर्मा एवं अशोक तिवारी के साथ उपस्थित हुए थे। उन्होंने यहां पहुंचने के पूर्व शिवरीनारायण में भगवान श्री शिवरीनारायण जी का दर्शन पूजन किया तदुपरांत महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज के साथ कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कथा श्रवण करने के लिए चांपा श्री जगन्नाथ मठ के महंत श्रीलाल दास महाराज, मारुति धाम से संत गोपाल दास महाराज, जितेंद्र बहादुर सिंह, शैल त्रिवेदी, बृजभूषण द्विवेदी, पुनीराम केसरवानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण सम्मिलित हो चुके हैं। कथा में आयोजक अयोध्या प्रसाद त्रिवेदी, विश्वनाथ त्रिवेदी, सुखराम दास जी, कमलेश सिंह, गोपाल शर्मा,गुलेश्वर तिवारी, अशोक जलतारे, देव कुमार पांडे, सुशील कुमार साहू, पुरेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव, हर्ष दुबे सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे। 18 अक्टूबर को कथा का विश्राम दिवस है।

### कबीरधाम स्कूल में न्योता भोज प्रधान पाठक ने थालियां बांटी

**चांपा।** शासकीय प्राथमिक शाला कबीरधाम में न्योता भोज का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को प्रधान पाठक ने थाली बांटी। जनपद उपाध्यक्ष बलौदा नम्रता नामदेव, डीएमसी राजकुमार तिवारी, बीआरसी अर्जुन क्षत्रिय, फेडरेशन जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर इसमें शामिल हुए।

## तीन गुना ब्याज के लालच में गंवाई राशि

**जांजगीर - चांपा।** ट्रेडिंग कंपनी में तीन गुना ब्याज दिलाने का झांसा देकर तीन लाख रूपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला कोतवाली थाना का है।थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि जांजगीर निवासी नकुल साहू ने ट्रेडिंग कंपनी में रकम जमा करने पर अधिक व्याज मिलने तथा 45 दिन बाद 12 प्रतिशत ब्याज 25 माह तक देने और तीन लाख का नौ लाख रूपये मिलने का झांसा देकर जांजगीर निवासी रितेश यादव से अलग अलग तारीख पर तीन लाख रूपये ले लिया।जिस पर पुलिस ने धरदेई निवासी नकुल साहू वर्तमान निवासी वार्ड नंबर 23 पशु चिकित्सालय के पीछे जांजगीर के विरुद्ध धारा 318 (4) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस ने आरोपित नकुल साहू को गिरफ्तार 17 अक्टूबर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया गया ।

### आयुर्वेद अस्पताल में समय पर नहीं पहुंच रहे डॉक्टर

**नरियरा।** नगर पंचायत नरियरा में आयुर्वेद अस्पताल में मरीजों को परेशानी हो रही है। यहां पदस्थ डॉक्टर समय पर नहीं पहुंचतें हैं। कई बार समय से पहले ही अस्पताल से चले जाते हैं। इसके कारण उपचार के लिए आए मरीजों को परेशानी हो रही है। अस्पताल में समय पर डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को बिना उपचार लौटना पड़ता है।

### श्रीकृष्ण और रुक्मिणी विवाह की कथा

**बलौदा।** समलिया बिंद के परिवार की ओर से नगपुरा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन रुक्मिणी और श्री कृष्ण के विवाह की कथा सुनाई गई। कथा व्यास पीठ से पंडित ऋषभ शर्मा ने कहा कि रुक्मिणी को कृष्ण से मन ही मन प्रेम था। देवर्षि नारद से श्री कृष्ण के बारे में सुनकर रुक्मिणी ने मन ही मन निश्चय किया था कि उन्हें श्री कृष्ण से विवाह करना है। रुक्मिणी के बड़े भाई को श्री कृष्ण से शत्रुता थी। वे अपनी बहन का विवाह राजा दम घोष के पुत्र शिशुपाल से करना चाहते थे। रुक्मिणी ने अपने विश्वास पात्र को श्री कृष्ण के पास भेजा और बताया कि वह उनसे विवाह करना चाहती हैं।

### कौशल पखवाड़ा: ग्रामीण स्तर के युवाओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**सक्ती।** कलेक्टर सह अध्यक्ष जिला कौशल विकास प्राधिकरण अमृत विकास तोपनो ने कौशल पखवाड़ा का आयोजन कराने के निर्देश दिए हैं। ग्रामीण स्तर के युवाओं तक कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने और कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के उद्देश्य से जिले में कौशल पखवाड़ा का आयोजन कराया जा रहा है।

इसमें कौशल प्रशिक्षण के लिए युवाओं को काउंसलिंग कर कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल कराकर उन्हें रोजगार, स्व-रोजगार के लिए सक्षम बनाने का प्रयास किया जाएगा। कौशल प्रशिक्षण अंतर्गत जिले में 29 अक्टूबर तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। राज्य में संचालित केंद्र और राज्य शासन की कौशल विकास योजनाओं यथा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, नल-जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## कलेक्टर के नाम से सरपंचों को ठगने की कोशिश, रहें सावधान

### फर्जी कॉल आने की दी गई सूचना सीईओ

**बलौदा।** मैं कलेक्टर बोल रहा हूं, आपके ग्राम पंचायत में विकास कार्य के राशि चाहिए तो कमीशन लगेगा। एक सप्ताह में कार्य स्वीकृति हो जाएगा । कुछ इस तरह का फोन जनपद पंचायत बलौदा के चार सरपंचों के मोबाइल में आया था। सरपंचों ने इसकी जानकारी जनपद सीईओ को दी।

इसके बाद सरपचों ने थाने में इसकी शिकायत की है। पुलिस ने संदेही व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है।जानकारी के अनुसार 16 अक्टूबर को लगभग दो बजे ग्राम पंचायत चारपारा की सरपंच तुलसी बाई के पति के मोबाइल में फोन आया की सरपंच चारपारा बोल रहे है, मैं जांजगीर चांपा कलेक्टर बोल रहा हूं आपके ग्राम पंचायत में क्या क्या काम चल रहा है, ये काम अभी स्वीकृत हुआ वह चालू हुआ कि नहीं और क्या काम की जरूरत है, सीसी रोड की जरूरत तो नहीं है तब सरपंच पति ने बोला गांव में कई जगह कीचड़ है, जरूरत तो है, तो राशि मिल जाएगा मगर कमीशन लगेगा । तत्काल राशि देने पर कार्य एक सप्ताह में स्वीकृत हो जाएगा ।

सरपंच पति ने कार्य स्वीकृति के बाद जो भी लगेगा दे पाने की बात कही । इतने में सोमवार को बात करता हूं ,कहकर फोन काट दिया । ठीक उसी तरह ग्राम पंचायत नवगवां के सरपंच पति के पास फोन आया था , तो उन्होंने इस बात की जानकारी रात में जनपद पंचायत सीईओ आकाश सिहं को दी ।

सीईओ ने सरपंच से उस मोबाइल नंबर को मांगा । सुबह सीईओ को बुडगहन सरपंच का फोन आया की उसके पास भी फोन आया था। इसकेबाद महुआ ब सरपंच के पास भी फोन आया था । जनपद सीईओ आकाश सिंह ने सभी सरपंचों को आगाह व सावधान रहने को बोला ।



मेरे जनपद पंचायत के कुछ सरपंचों के पास फर्जी व्यक्ति का फोन आया था। जो अपने आपको कलेक्टर बताकर विकास कार्य के लिए राशि स्वीकृत करने के बदले पैसे की मांग कर रहा था। इसकी सूचना थाने में दी गई है।

आकाश सिंह
सीईओ, जनपद पंचायत बलौदा

### नवीनीकरण व ई-केवाईसी करने 31 तक

**जांजगीर।** जिले में राशन कार्ड का नवीनीकरण व ई-केवाईसी कराई जा रही है। बड़ी संख्या में राशन लेने वाले लोगों ने ई-केवाईसी नहीं करवाई है। अभी तक उन्हें राशन दिया जा रहा था, लेकिन अब शासन ने अंतिम? तिथि तय कर दी है। ऐसे लोगों को 31 अक्टूबर तक का समय दिया गया है। इसके साथ ही सेवा सहकारी समितियों में नए किसान के पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर रखी गई है।राशन कार्ड ई-केवाईसी का काम पिछले साल से चल रहा है। कई तरह की कवायद के बाद भी अब तक राशन कार्ड ई-केवाईसी का काम पूरा नहीं हुआ है। वहीं अब तक पंचायतों में बचे लोगों की जांच नहीं कराई है। ई-केवाईसी के लिए बचे हुए लोगों ने अपना आधार कार्ड जमा नहीं करने के साथ ही बॉयोमीट्रिक भी नहीं करवाया है।

## सक्ती में ट्रेनों का ठहराव देने सांसद ने मंत्री को पत्र लिखा

**सक्ती।** प्रदेश के नवगठित जिला मुख्यालय सक्ती स्थित रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से रेल यात्री सुविधाओं सहित महत्वपूर्ण एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए क्षेत्रवासी निरंतर मांग कर रहे हैं। दुर्भाग्य है कि सक्ती रेलवे स्टेशन में आज तक रेल यात्री सुविधाओं के विस्तार की दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। सक्ती रेलवे स्टेशन में जिला मुख्यालय होने के बाद भी सुविधाएं अच्छी स्थिति में नहीं है। यहां पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। यह बातें कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरण दास महंत ने अपने पत्र में कही है। सांसद ज्योत्सना महंत ने बताया है कि प्रदेश के नवगठित जिला मुख्यालय होने के बावजूद यहां सुविधाओं की कमी है। इसे दूर करने के लिए रेलवे मंत्री को विशेष पहल की है। उन्होंने पत्र में स्टेशन में महिलाओं के लिए वातानुकूलित वेटिंग रूम, एक्सलेटर लगाने, टिकट बुकिंग काउंटर की व्यवस्था करने की मांग की है।


## सूचना

मैं संगीता वर्मा पति श्री श्याम सुंदर वर्मा निवासी डी 15 ऊर्जा नगर गेवरा प्रोजेक्ट जिला कोरबा। मेरे द्वारा मैसर्स सैनिक फाइनेंस एवं इंडस्ट्री लिमिटेड के 5800 (पांच हजार आठ सौ) कागजी प्रति (Hard copy) के रूप में शेयर खरीदे गए थे जिनका शेयर सर्टिफिकेट कहीं गुम हो गया है।

जिसका फोलियो नंबर 004886, शेयर सर्टिफिकेट नंबर 105548 से 105605 (प्रति नग 100 शेयर), डिस्टीक्टीव नंबर 10408129 से 10413928 है। पुलिस में जिसका ऑनलाइन कंप्लेंट क्रमांक 33366015072200001 दिनांक 24/01/2022 है। जिस किसी भी सज्जन को प्राप्त हो कृपया निम्न पते पर पहुंचाने या सूचना देने की कृपा करें।

श्रीमती संगीता वर्मा
पति श्री श्याम सुंदर वर्मा,डी-15, ऊर्जा नगर, गेवरा प्रोजेक्ट, जिला कोरबा(छ.ग.)
Email- ssvrma@gmail.com
मोबाइल नंबर9826641440



## कार्यालय नगर पंचायत नवागढ़, जिला जांजगीर-चाम्पा (छ.ग.)

क्र./ 852 /लो.नि.वि./न.पं./2024 नवागढ़, दिनांक 17.10.2024

### मैन्युअल निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पंचायत नवागढ़ द्वारा निम्नानुसार वर्णित कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्म से कार्य के सरल कमांक 01 के लिये निर्धारित प्रपत्र "ABC" एव सरल कमांक 02 के लिये निर्धारित प्रपत्र "A" में बंद निविदा दर त्रि-लिफाफा पद्धति से मुहरबंद निविदा (निर्माण कार्यों हेतु CG PWD SOR 01.01.2015 Bulding/Road & CG PHE SOR 01.06.2020) के आधार पर अब तक हुये संशोधन को सम्मिलित करते हुये प्रचलित दर पर निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अतिम तिथि - 25.10.2024 शाम 4.00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत निविदा प्रपत्र प्रदाय करने की तिथि - 28.10.2024 शाम 4.00 बजे तक
3. निविदा दर पंजीकृत / रजिस्टर्ड डाक से प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि -08.11.2024 शाम 4.00 बजे तक
4. निविदा प्रपत्र खोले जाने की तिथि एवं समय - 08.11.2024 शाम 5.00 बजे से

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (लाख में) | अमानत राशि (FDR/TDR) | निविदा प्रपत्र मूल्य | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 01 | नगर पंचायत नवागढ़ क्षेत्रांतर्गत अटल परिसर का निर्माण एवं प्रतिमा स्थापना कार्य | 19.95 | 15000.00 | 750.00 | 01 माह |
| 02 | बोर खनन कार्य प्लेट फार्म एवं पम्प स्थापना कार्य सहित वित्तीय वर्ष 2024-25 वार्षिक निविदा (द्वितीय) | 20.00 | 15000.00 | 750.00 | 31 मार्च 2025 तक |

नियम व शर्ते कार्यालयीन दिवस / अवधि में संबंधित शाखा से देखी जा सकती है। उक्त तिथियों में अवकाश होने की स्थिति में कार्यवाही आगामी कार्य दिवस पर किया जायेगा, जिसकी पृथक से सूचना जारी नहीं किया जायेगा। विभागीय वेबसाईट www.uad.gov.in से देखी जा सकती है।

!! स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत निर्माण में योगदान दें !!

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत नवागढ़



## कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)

मुख्य कार्यालय - साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)
दर्री जोन

फा.क्र./760,761 एवं 762/ निर्माण (दर्री जोन)/2024/ कोरबा, दिनांक 15.10.2024

### निविदा आमंत्रण की सूचना

लोक निर्माण विभाग से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्यो हेतु मैन्युअल निविदा वेबसाईट से डाउनलोड कर मुहरबंद लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

1. निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 06.11.2024 सायंकाल 3.00 बजे तक
2. निविदा खुलने की अंतिम तिथि - 06.11.2024 सायंकाल 4.30 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | धरोहर राशि रू. में |
|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड क्र. 45 रामनगर में सामुदायिक भवन के पास किचन शेड निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) | 4,00,000/- | 4,000/- |
| 02 | वार्ड क्र. 47 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) | 10,00,000/- | 7,500/- |
| 03 | वार्ड क्र. 48 सलिहाभांठा सुमेंधा में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य। (जिला खनिज संस्थान न्यास, वर्ष 2024) | 10,00,000/- | 7,500/- |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी - कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट Website: www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in में देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छ.ग.)


## जिले के तीन नपा में घटे, आठ नगर पंचायतों में बढ़े मतदाता

**जांजगीर- चांपा।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। बुधवार को मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन में जिले को तीन नगर पालिका व आठ नगर पंचायतों में मतदाताओं की संख्या के आंकड़े जारी किए गए। जिसमें नगर पंचायत में तो मतदाताओं की संख्या बढ़ी है पर नगर पालिकाओं में मतदाताओं की संख्या में कमी आई है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रारंभिक मतदाता सूची के अनुसार वर्तमान में जिले के तीन नगर पालिका और आठ नगर पंचायतों में एक लाख 41 हजार 180 मतदाता हैं। वहीं नव गठित नगर पंचायत नरियरा और पामगढ़ के जुड़ने से इस बार नगर पंचायतों में 9610 मतदाताओं की संख्या में इजाफा हुआ है, मगर तीन नगर पालिका जांजगीर नैला, अकलतरा और चांपा में मतदाताओं की संख्या घट गई है।

पिछले निकाय चुनाव की तुलना में जांजगीर पालिका में 3450, चांपा में 714 और अकलतरा में 151 मतदाता घटे हैं। अब निर्वाचन अधिकारी इसमें दावा आपत्ति लेकर अंतिम मतदाता सूची जारी करने की बात कह रहे हैं। वर्तमान में जारी मतदाता सूची के अनुसार जांजगीर-नैला नगर पालिका में 31 हजार 454 मतदाता, चांपा नगर पालिका में 33 हजार 981 और अकलतरा नगर पालिका में 18 हजार 435 मतदाता हैं।

नगरीय निकाय के अंतर्गत नगर पालिका, नगर पंचायतों के वार्डों के मतदाताओं से अलग-अलग दिन में दावा आपत्ति मंगाए गए हैं। नगरीय निकाय में वोट करने वाले लोगों का नाम अगर वार्ड से कट गया है, किसी दूसरे वार्ड में जुड़ गया है या मतदाता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि है तो वे अफसरों को जानकारी देकर इसमें सुधार करा सकेंगे।

निकाय व पंचायत चुनाव के लिए पोर्टल भी बनाया गया है। मतदाता पोर्टल में जाकर वार्ड में उनका नाम है या नहीं, इसकी जानकारी ले सकेंगे। इसके लिए मतदाता को वेबसाइट पर जाना होगा।

## अनमोल वचन......

**आपके शरीर की सबसे सुंदर चीज है मन, इसे बुरे विचारों से मैला ना करें....**

## कांग्रेस के सामने आत्म-मंथन के गहरे प्रश्न

ताजा चुनाव नतीजों से कांग्रेस के सामने आत्म-मंथन के गहरे प्रश्न आए हैं। जातीय पहचान की जिस राजनीति को उसके नेतृत्व ने अपनाया है, क्या उससे असल में नुकसान हो रहा है। फिलहाल, यह रास्ता उसे किसी मंजिल तक ले जाता नहीं नजर आता है। जातीय और मजहबी पहचान की राजनीति में भाजपा का कोई तोड़ नहीं है, हरियाणा विधानसभा के चुनाव नतीजों ने यह बात फिर साबित की है। वैसे देखा जाए, तो इस नजरिए जम्मू-कश्मीर के चुनाव परिणाम को भी काफी हद तक समझा जा सकता है। हरियाणा में भाजपा ने ओबीसी और उन जातियों को गोलबंद करने पर ध्यान दिया, जिनका जाट समुदाय से अंतर्विरोध रहता है। कांग्रेस का सारा नैरेटिव चूंकि किसान, पहलवान और जवान पर केंद्रित रहा- जिसका सीधा संबंध जाट समुदाय से बनता है- तो भाजपा के लिए अन्य जातियों को गोलबंद करना और आसान हो गया। इसके अलावा दलितों के वर्गीकरण संबंधी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का भी उसने राज्य की परिस्थितियों के मुताबिक प्रभावी इस्तेमाल किया। हिंदुत्व के एजेंडे पर बने उसके वोट बैंक में लोकसभा चुनाव में भी सेंध नहीं लगी थी। उस चुनाव में उसे 46 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस को 44 प्रतिशत। सीटें दोनों में 5-5 जरूर जीती थीं। इन ठोस हालात के बीच कांग्रेस नेताओं ने अपनी जीत को कैसे आसान मान लिया, यह आश्चर्यजनक है। चुनाव नतीजे आने के साथ यह गलतफहमी मुंह के बल गिरी है। उधर जम्मू-कश्मीर में चुनाव परिणाम इलाकाई विभाजन को गहरा बनाते दिख रहे हैं। कश्मीर घाटी में एकतरफा नेशनल कांफ्रेंस- कांग्रेस- सीपीएम गठबंधन के पक्ष में जनमत जाहिर हुआ। जबकि जम्मू क्षेत्र में उलटी कहानी रही। कांग्रेस यहां भाजपा के हिंदुत्व वोट बैंक में ज्यादा सेंध नहीं लगा पाई। तो इस राज्य में भी संकेत हैं कि मजहबी और इलाकाई पहचान निर्णायक साबित हुए। गठबंधन के घटक के तौर पर इन नतीजों पर कांग्रेस भले संतोष कर ले, लेकिन पार्टी के रूप में उसके लिए यहां भी नतीजे निराशाजनक हैं। इन दोनों नतीजों से कांग्रेस के आत्म-मंथन के गहरे प्रश्न सामने आए हैं। उसे विचार करना है कि जातीय पहचान की जिस राजनीति को उसके नेतृत्व ने अपनाया है, क्या उससे असल में नुकसान हो रहा है। अगर इसके जरिए रोजी-रोटी के सवालों से मुंह मोड़ कर वैकल्पिक नीति पेश करने की जिम्मेदारी से बचने का रास्ता उसने सोचा है, तो यह तरीका हानिकारक साबित हो रहा है।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज आपके हर परेशानी का हल चुटकियों में निकल जाएगा। सरकारी कार्यों में आपको बड़े लाभ की संभावना है। आज आप अपनी संतान के साथ पिकनिक के लिए जा सकते हैं। उनके साथ आप अच्छा समय बिताएंगे। आज आप काम की [ ालिटी और बेहतर बनाने में ध्यान दें। मार्केटिंग संबंधी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहगी।

**वृष राशिः** आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घर के कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। आज कारोबारी गतिविधियों में व्यवस्था बनाकर रखना जरूरी है।

**मिथुन राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़ो से कुछ प्रेरणा मिलेगी। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज आपकी अच्छी सोच का अच्छा नतीजा मिलेगा। आपके रहने और बोलने का तरीका लोगों को आकर्षित करेगा। आज आपको अपनी पढ़ाई और करियर के प्रति ज्यादा मेहनत की जरूरत है।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। आज कार्यस्थल पर चल रही किसी भी गतिविधि को नजरअंदाज ना करें। अपनी योजनाओं को गुप्त ही रखें। आज कुछ समय परिवार के साथ बिताने पर कुछ बातें पता चल सकती हैं।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। विद्यार्थियों को सफलता मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और मेहनत करने की जरूरत है। कुछ समय से चल रही आपकी लगन और मेहनत का आज ज्यादा लाभ मिलने वाला है। इसलिए अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें

**कन्या राशिः** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी रहेगी। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा। आज व्यवसाय संबंधी नई जानकारियां हासिल करना जरूरी है। मीडिया और ऑनलाइन कामों से जुड़े बिजनेस में फायदा होगा। आपके द्वारा की गई मेहनत के परिणाम भी बेहतर मिलेंगे।

**तुला राशिः** आज पूरे दिन भाग्य आपके साथ रहेगा। आज कुछ समय व्यक्तिगत कार्यों में बिताने से आप अपने आपको ऊर्जा से भरपूर महसूस करेंगे। सामाजिक गतिविधियों में भी रुझान बढ़ेगा। फाइनेंस संबंधी गतिविधियां समय पर निपटा लेंगे। कुछ लोग जलन की भावना से आपके बारे में अफवाहें फैला सकते हैं। परंतु इन बातों को नजरअंदाज करके आप अपने गतिविधियों में ही व्यस्त और मस्त रहें। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम असान हो जायेंगा। आज आपका व्यक्तित्व व रहन-सहन के प्रति अधिक सजग रहना लोगों के बीच आकर्षण का कारण बनेगा। समाज में आपकी छवि और अधिक निखरेगी।

**धनु राशिः** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आप आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। बच्चों को आज पढाई में मन लगाने की जरूरत है। आज परिवार संबंधी कोई समस्या हल हो जाने से आनंदित और हर्षित महसूस करेंगे। धार्मिक तथा आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों में भी कुछ समय बीतेगा।

**मकर राशि** - आज आपको किसी अपने से कोई अच्छी खबर मिलने के योग बने हुए हैं। आज अपने बच्चों का आत्म बल बनाकर रखने में सहयोग अवश्य करेंगे। आज कर्मचारियों की मदद से बिजनेस की गतिविधियां ठीक तरह से चलती रहेंगी।

**कुंभ राशिः** आज का दिन जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज व्यापार में किसी एसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। आज घर में परिवार जनों के साथ मिल-जुलकर कुछ नवीनीकरण व साज-सज्जा को लेकर कुछ विचार-विमर्श रहेगा। आज ऑफिस में चल रहा प्रोजेक्ट पूरा होने से राहत मिलेगी, जिससे अन्य कामों पर भी ध्यान दे पाएंगे।

**मीन राशिः** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपको किसी भी प्रकार के विवादों से दूर रहने की आवश्यकता है। आज बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। आज परिवार में आप सबसे सामंजस्य बनाकर रखेंगे। बेवजह की बातों पर ध्यान नहीं देंगे।

# जमीनी स्तर पर नवाचार को प्रोत्साहित करना : सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का युग

//सुश्री शोभा करंदलाजे//

**वर्तमान समय में, विश्व तीव्र गति से एक ऐसे तकनीकी भविष्य की ओर बढ़ रहा है, जहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता वैश्विक आख्यान का केंद्र बिंदु बन गया है। हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा परिकल्पित विकसित भारत का लक्ष्य हमारे युवाओं, विशेष रूप से अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से आने वाले समुदायों, महिलाओं, दिव्यांगजनों, पूर्व सैनिकों और आर्थिक रूप से वंचित नागरिकों जैसे पारंपरिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों से उद्यमिता को एक व्यवहार्य कैरियर मार्ग के रूप में लेने के लिए प्रेरित करना है।**

उद्यमिता और कौशल विकास कार्यक्रम का विजन केवल कारोबार के सृजन तक ही नहीं, बल्कि इससे आगे तक जाता है। यह बेरोजगारी को संबोधित करने के साथ-साथ आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण को दर्शाता है। इसके साथ ही, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सेक्टर में ऋण गारंटी योजना की घोषणा से प्रसन्नता की लहर है, जो मशीनरी के लिए 100 करोड़ रुपये तक के जमानत-मुक्त ऋण उपलब्ध कराती है और यह सीधे तौर पर किफायती ऋण तक पहुंच की महत्वपूर्ण चुनौती को संबोधित करती है तथा कारोबारियों को अपने व्यवसाय में उन्नत प्रौद्योगिकी में निवेश करने और उनकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए सशक्त बनाती है। ऋण के इस प्रजातंत्रीकरण से बहुत सारे छोटे और उभरते हुए व्यवसायों को लाभ पहुंचना तय है। यही कारोबार जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देंगे और इससे धन-संपत्ति का जो सृजन होगा, वह समाज के सभी वर्गों तक तेज़ी तक पहुंचेगा।

इस वर्ष के केंद्रीय बजट में संकट की अवधि के दौरान ऋण सहायता प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण व्यवस्था को शुरू किया गया है, जो सरकार-गारंटीड निधि द्वारा समर्थित है और ये व्यवसायों को गैर-निष्पादित परिसंपत्ति बनने से रोकने में मदद करता है और समग्र आर्थिक स्थिरता बनाए रखता है। तरुण श्रेणी के तहत उद्यमियों के लिए मुद्रा ऋण को दोगुना करके 20 लाख रुपये करना एक काफी बड़ा प्रोत्साहन है, जो व्यवसायों को बड़े पैमाने पर बढ़ाने और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। कम टर्नओवर सीमा और विस्तारित पात्रता के साथ व्यापार प्राप्य छूट प्रणाली में सुधार एमएसएमई के लिए तरलता और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाता है। तीन वर्षों के भीतर सभी प्रमुख एमएसएमई समूहों में सिडबी शाखाओं का नियोजित विस्तार अधिक सुलभ वित्तीय सेवाओं का आश्वासन देती है, जिससे स्थानीय आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इसके अलावा, 50 बहु-उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयों और 100 एनएबीएल-मान्यता प्राप्त खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षण प्रयोगशालाओं की स्थापना से खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को काफी बढ़ावा मिलेगा, उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार होगा और नए बाजार के अवसर खुलेंगे।

पीपीपी मोड में ई-वाणिज्य निर्यात केंद्र का निर्माण एक और दूरदर्शी पहल है, जो एमएसएमई और पारंपरिक कारीगरों को वैश्विक बाजारों तक अधिक आसानी से पहुंचने और डिजिटल बदलाव तथा अंतर्राष्ट्रीय विकास को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है। फर्स्ट टाइमर्स योजना से, जो औपचारिक रोजगार क्षेत्रों में नए लोगों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण के रूप में 15,000 रुपये तक एक महीने का वेतन प्रदान करती है, जो लगभग 210 लाख युवा कामगारों पर सकारात्मक प्रभाव डालता है, विनिर्माण क्षेत्र में नए कर्मचारियों को काम पर रखने के लिए प्रोत्साहन, पहले चार वर्षों के दौरान नियोक्ता और कर्मचारियों दोनों के लिए ईपीएफओ योगदान को कवर करता है, जिससे 30 लाख व्यक्तियों को लाभ पहुंचता है। सरकार सुरक्षा उपायों को संस्थागत बना रही है और युवाओं को उनकी अपार क्षमता के साथ भारत की प्रगति के इंजन को चलाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। इसके साथ ही, नियोक्ता के कल्याण का भी ध्यान रखा जा रहा है, इस योजना के तहत नियोक्ताओं को एक लाख रुपये प्रति माह तक कमाने वाले प्रत्येक अतिरिक्त कर्मी के लिए दो वर्ष के लिए 3,000 रुपये मासिक तक की प्रतिपूर्ति की जाती है, जिसका लक्ष्य 50 लाख नए कामगारों को रोजगार देना है। सरकार कामकाजी महिलाओं के लिए छात्रावास और क्रेश स्थापित करने के लिए उद्योगों के साथ भागीदारी करके एक ठोस कदम उठा रही है, साथ ही विशेष कौशल विकास कार्यक्रम और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) उद्यमों के लिए बाजार तक पहुंच उपलब्ध करा रही है। इसका आदर्श वाक्य है समावेशिता।

समावेशी आर्थिक विकास की तलाश में, उद्योग और शिक्षाजगत के बीच सहयोग एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में उभरा है, विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के विकास में। इस महत्व को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने एमएसएमई चैंपियंस योजना के तहत एमएसएमई नवप्रवर्तनकारी योजना को लागू किया है, जिसका उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों और एमएसएमई क्षेत्र के बीच औ र मजबूत संबंध बनाना है।

दूसरी ओर, शैक्षणिक संस्थान ज्ञान और नवाचार के केंद्र हैं, लेकिन कभी-कभी उनमें व्यवहारिक अनुप्रयोग संदर्भों का अभाव पाया जाता है। एमएसएमई नवप्रर्तनकारी योजना इस अंतर को पाटती है और एक पारस्परिक संबंध बनाती है, जो दोनों क्षेत्रों को लाभ पहुंचाती है और इसकी वजह से हमारी अर्थव्यवस्था और व्यापक हो जाती है। इस योजना का दृष्टिकोण बहु-आयामी है। इनक्यूबेशन घटक के तहत मेजबान संस्थानों के रूप में 697 शैक्षणिक संस्थानों की भागीदारी इस योजना के व्यापक रूप से अपनाए जाने और इसके संभावित प्रभाव का सबूत है। इस सहयोग का एक प्रमुख फोकस छात्रों और एमएसएमई कर्मियों के औद्योगिक कौशल को बढ़ाना है। यह कौशल विकास एक ऐसा कार्यबल बनाने के लिए महत्वपूर्ण है, जो न केवल शैक्षणिक रूप से योग्य हो, बल्कि उद्योग के लिए भी तैयार हो। छात्रों के लिए, यह वास्तविक दुनिया की व्यावसायिक चुनौतियों और अवसरों के लिए मूल्यवान संपर्क मुहैया कराता है। एमएसएमई के लिए, ये नए परिप्रेक्ष्य और नवीनतम शैक्षणिक शोध तक पहुंच प्रदान करता है, जो संभावित रूप से उनकी परिचालन चुनौतियों के लिए नवप्रवर्तनकारी समाधान की ओर ले जाता है। आज तक, हमने पिछले 10 वर्षों में 17 करोड़ नौकरियों की उल्लेखनीय बढ़ोतरी देखी है। अगर हम इस बात को सही परिप्रेक्ष्य में रखें, तो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2014-15 में 47.15 करोड़ की तुलना में, वर्ष 2023-24 में देश में रोजगार बढ़कर 64.33 करोड़ हो गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम एक ऐसे भारत की ओर आगे बढ़ रहे हैं, जहां विकास हर घर तक पहुंचे और हर व्यक्ति के जीवन को छुए तथा हमारी सामूहिक ऊर्जा को विश्वगुरु बनने के आदर्श की ओर ले जाए। इसमें कोई संदेह नहीं है कि हम महान पुनर्जागरण के युग की ओर बढ़ रहे हैं, जो हमें विकसित भारत के स्वर्णिम युग में ले जाएगा।

# गांधी विपक्ष के हैं तो पक्ष के भी हैं

//संदीप जोशी//

**बनारस में जमीन मुद्दे पर सर्व सेवा संघ अहिंसक संघर्ष का नया अध्याय गढने् में लगा है। विकास की चकाचौंध दर्शाने के चक्कर में सरकारी प्रशासन तंत्र वहां की जमीन हड़पने में लगा। महात्मा गांधी के जाने के बाद विनोबा भावे और उनके साथियों ने गांधी विचार के प्रसार-प्रचार के लिए बनारस में सर्व सेवा संघ-साधना केन्द्र बनाया था।**

गांधी विपक्ष के हैं तो पक्ष के भी हैं। सत्ता के हैं तो शासित के भी हैं। गांधी अगर विरोधी के हैं तो निर्विरोधी के भी हैं। कांग्रेस के गांधी हैं, तो भाजपा के व आप के भी गांधी हैं। समतावाद के गांधी हैं तो समाजवाद के भी। दक्षिणपंथी के गांधी हैं तो वामपंथी के भी। दलित के भी और सवर्ण के भी गांधी हैं। आस्तिक के गांधी हैं तो नास्तिक के भी हैं। आध्यात्म के गांधी हैं तो वस्तुवाद के भी। सेवानीति के गांधी हैं तो राजनीति के भी हैं। मानव के हैं तो समाज के भी गांधी हैं। सर्वपंथ प्रार्थना करने वाले के गांधी हैं तो सर्वोदय के लिए उपवास करने वाले के भी गांधी हैं। गांधी व्यक्ति भी हैं और महात्मा भी। यहां भी हैं और वहां भी। देश में हैं तो विदेश में भी हैं। यानी गांधी सर्वव्यापी हैं। और व्यक्तिवादी भी। संघर्ष में गांधी हैं तो सहमति में भी गांधी हैं।

पहले वे तुमको अनदेखा करेंगे। फिर तुम पर हंसेंगे। तुमसे लड़ेंगे, तोड़-फोड़ व मार-पीट करेंगे। मगर फिर जीत तुम्हारी होगी। सत्य के आग्रह का यह मंत्र महात्मा गांधी ने न्यायपूर्ण, अहिंसक संघर्ष के लिए पूरे संसार को दिया। बेशक सत्य स्थापित होने में सहनशीलता और समय लगता है। मगर सिर्फ समय से ही असत्य भी मिटता है। सत्य के लिए संघर्ष तो संयम, परिश्रम, त्याग और करुणा से ही हो सकता है। सत्याग्रह ही सत्य की कुंजी है। देश भर में दो अक्टूबर को गांधी जयंती नए होश, नए जोश और नए उत्साह में मनी। लेकिन आज गांधीजी के अहिंसा के विचार को विश्वशांति के लिए प्रस्तुत करने के बजाए सरकार कुशासन से पूर्ण-सत्ता कायम करने में ही लगी दिखती है।

बनारस में जमीन मुद्दे पर सर्व सेवा संघ अहिंसक संघर्ष का नया अध्याय गढने् में लगा है। विकास की चकाचौंध दर्शाने के चक्कर में सरकारी प्रशासन तंत्र वहां की जमीन हड़पने में लगा। महात्मा गांधी के जाने के बाद विनोबा भावे और उनके साथियों ने गांधी विचार के प्रसार-प्रचार के लिए बनारस में सर्व सेवा संघ-साधना केन्द्र बनाया था।

उत्तर रेलवे से नियमानुसार खरीदी जमीन का हस्तांतरण पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के प्रयास, डॉ राजेन्द्र प्रसाद की तकनीकी उपस्थिति और तत्कालीन रेलमंत्री जगजीवन राम की स्वीकृति से हुआ था। इसी परिसर में जेपी के प्रयास से एक विश्वस्तरीय शोध केन्द्र गांधी विद्या संस्थान भी बना। प्रकाशन विभाग से गांधी, विनोबा, जेपी, जेसी कुमारप्पा, दादा धर्माधिकारी, जे कृष्णमूर्ति, धीरेन्द्र मजूमदार, आचार्य राममूर्ति, नारायण देसाई, ठाकुरदास बंग एवं आचार्य शिवानंद जैसे विद्वान मनीषियों की पुस्तकें छपती रही।

समाज में विचार के स्वतंत्र विकास में लगी संस्था पर सरकारी प्रशासन ने पिछले साल जुलाई-अगस्त में गैर कानूनी तरीके से जमीन पर कब्जा जमाया। प्रकाशन व शोध के काम में लगे लोगों के करने-रहने के भवन गिराए। वैचारिक विरासत को नष्ट किया। न्याय के लिए लड़ाई विरासत मुक्ति आंदोलन से शुरू हुई है। सौ-दिन का सत्याग्रह न्याय के दीप जलाएं' 11 सितंबर को विनोबा जयंती पर शुरू हुआ। जो गांधी जयंती, जेपी पुण्यतिथि व जयंती, विनोबा पुण्यतिथि, सरदार पटेल जयंती व मानवाधिकार दिवस मनाते हुए 19 दिसंबर तक चलेगा।

कैसे भी अन्याय के विरोध में गांधी की अहिंसक लड़ाई प्रार्थना से शुरू और प्रार्थना पर ही समाप्त होती। दिन भर विरोध करने वालों का उपवास रहता। आपस में बातचीत होती। आते-जाते लोगों को मुद्दे के बारे में बताया जाता। यानी विचार, त्याग व करुणा के अलावा दृढ़ता से विरोध जताया जाता। नए लोगों को जुडने् के लिए प्रेरित किया जाता। इसी तरह नए लोग नयी समझ, और नई दृढ़ता से अहिंसक आंदोलन चलाते। फिर शाम की प्रार्थना के बाद उपवास तोड़ा जाता। शाम ढलते अपने ठिकानों पर लौट कर अगले दिन की तैयारी होती। आज के बुल्डोजर राज में यह लड़ाई बेमानी और हास्यास्पद लग सकती है। लेकिन सत्य के आग्रह के लिए सभ्य समाज की ऐसी ही अहिंसक लड़ाई होनी चाहिए।

सत्याग्रह का संघर्ष कुछ के लिए लंबा, कष्ट व त्याग भरा तो रहता ही है लेकिन समाज के लिए शांति व सौहार्द भी लाता है। सत्ता को सदबुद्धि भी देता है। और अपनाए गए गैर कानूनी तरीकों को सुधारने की हिम्मत भी। बनारस में सत्ता के गांधी और समाज के गांधी आमने सामने हैं। वसमाज न्याय का दीप जलाए रखेगा। आशा सत्य और अहिंसा की जीत की रहेगी।

# मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही

देश के दो प्रधान धर्मों हिन्दू व मुस्लिम के बाहुलय मतदाताओं वाले राज्यों की विधानसभा चुनावों के परिणामों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि इन राज्यों के मतदाता धर्म आधारित तो बिल्कुल भी नही है। जम्मू-कश्मीर में जहां भाजपा को नेशनल कांफ्रेंस से करीब आधी सीटें मिली, वहीं हिन्दू मतदाताओं के बाहुल्य वाले हरियाणा में कांग्रेस का काफी अवमूल्यन हुआ है, वैसे इस राज्य में कांग्रेस की जड़े गहरी है, किंतु इस बार मतदाताओं की सोच में समयानुसार परिवर्तन आया है, जिसका परिणाम यहां भाजपा का परचम लहराना है। यद्यपि राजनीतिक पण्डितों की जम्मू-कश्मीर को लेकर यह सोच या आशंका अवश्य है कि वहां से नेशनल कांफ्रेंस का जीतना भारत के लिए खतरनाक इसलिए है, क्योंकि नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूख अब्दुल्ला व उनके बेटे उमर अब्दुल्ला की निजी सोच पाकिस्तान के काफी निकट है, वे समय-समय पर पाकिस्तान की पैरवी करते रहते है, इसलिए यह भारत की एकता के लिए खतरनाक हो सकता है, किंतु चूंकि जम्मू हिन्दू प्रधान और कश्मीर मुस्लिम प्रधान क्षेत्र है, इसलिए जम्मू और कश्मीर के राजनेताओं और मतदाताओं की सोच अलग हो सकती है, किंतु इस मसले को भारत सरकार को समय रहते गंभीरता से लेना चाहिए, वर्ना धरती का स्वर्ग हमारे हाथों से खिसक सकता है, इसी विभाजनकारी खोज के कारण भाजपा का कश्मीर में कोई अस्तित्व नही रह गया है, जबकि जम्मू में भाजपा का स्थान काफी अहम् है, इसलिए यदि यह कहा जाए कि जम्मू-कश्मीर की राजनीति धर्म आधारित है तो वह कतई गलत नही होगा।

फिर इस राजनीतिक बिन्दु पर हमने अभी से गंभीर रूप से ध्यान नही दिया तो फिर हम पाक अधीकृत कश्मीर को हमारे पाले में लाने के बारे में भी सोच नही कर पाएगें। इस तरह कुल मिलाकर हमारे मस्तक पर विराजित इन दोनों महत्वपूर्ण क्षेत्रों जम्मू एवं कश्मीर के भविष्य पर गंभीर चिंतन जरूरी है और इस चिंतन की शुरूआत इन विधानसभा चुनाव परिणामों के साथ ही शुरू करना चाहिए। करीब एक दशक के बाद जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए है और जनता ने भाजपा-कांग्रेस दोनों को ही सीधे-सीधे नकारते हुए नेशनल कांफ्रेंस के हाथों में राज्य की बागडोर सौंप दी है और लगे हाथ फारूख अब्दुल्ला ने अपने बेटे उमर अब्दुल्ला का नाम मुख्यमंत्री पद के लिए घोषित भी कर दिया।यहां इस राजनीतिक माहौल में कांग्रेस के पूर्व वरिष्ठ नेता गुलाम नबी आजाद को भी भुलाया नही जा सकता, जिनकी वजह से अतीत में जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस का परचम लहराया करता था ।

## तस्वीरों की दुनिया



केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में पांच नई वर्गीकृत शास्त्रीय भाषाओं - पाली, प्राकृत, मराठी, बंगाली और असमिया - के विद्वानों के साथ बातचीत की।


झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 से पहले रांची में झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में प्रमुख नेता जेएमएम में शामिल हुए।


उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून स्थित सचिवालय में राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए गठित समिति द्वारा तैयार नियमों का प्रारूप प्राप्त किया।


अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में गुरु रामदास की जयंती की पूर्व संध्या पर धार्मिक जुलूस के दौरान एक सिख पुजारी सिखों की पवित्र पुस्तक श्री गुरु ग्रंथ साहिब को अपने सिर पर ले जाता है।


बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के साथ पटना में जनरल पोस्ट ऑफिस गोलंबर के पास निर्माणाधीन मल्टी-पार्किंग का निरीक्षण करते हुए।


हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ सचिवालय में अनिल विज को हरियाणा के मंत्री के रूप में अपना पदभार संभालने पर बधाई दी।



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने नई दिल्ली स्थित आप मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।

# बदायूं में बच्ची से दुष्कर्म कर गला काटकर हत्या, दरिंदे ने चेहरा व सिर कुचला, सिर से लेकर पैरों तक बहा खून

**बदायूं, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

शर्मनाक...! सात वर्षीय बालिका से ऐसी हैवानियत हुई कि देखने ही नहीं, सुनने वाले भी सिहर जाएं। दरिंदा उसे खंडहर में उठा ले गया, फिर दुष्कर्म कर हत्या कर दी।मासूम का नीला चेहरा और सिर पर जख्म बयां कर रहे थे कि विरोध पर उसे जमीन से पटका। इसके बाद ईंट या किसी भारी वस्तु से चेहरा-सिर कुचला, फिर गला काट दिया गया। शुक्रवार रात को उसका लहूलुहान शव मिलने पर आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतरे आए। उन्होंने हत्यारे, दरिंदे की तलाश कर सख्त सजा की मांग शुरू कर दी।देहात क्षेत्र के एक पूर्व सभासद की पौत्री शुक्रवार दोपहर तीन बजे दुकान से कुछ सामान ले गई मगर, वापस नहीं लौटी। परिजनों के अनुसार, इंतजार के बाद शाम पांच बजे उसकी तलाश शुरू की। कई रिश्तेदारों पर परिचितों के यहां गए मगर, बालिका नहीं मिली।रात नौ बजे घर से दो सौ मीटर दूर एक स्कूल के पीछे खंडहर भी देखा। वहां पड़ी चादर हटाई तो उसमें बालिका का शव लिपटा मिला। उसके गले पर गहरा जख्म था। इस आधार पर आशंका जताई गई कि किसी धारदार वस्तु से गला काटा गया है। चेहरे का आधा हिस्सा व एक आंख नीली हो गई थी। उसके कपड़े अस्त-व्यस्त थे। शरीर में कई जगह से खून बह रहा था। घटनास्थल देखकर आशंका जताई जा रही कि बालिका ने दुष्कर्मी का विरोध किया तो वह हमलावर हो गया। बाल पकड़कर उसका चेहरा जमीन



पर पटका, जिससे आंख व गाल पर गहरी चोट आई। इसके बाद, ईंट से सिर व चेहरे पर प्रहार किए गए। उसकी कमर से नीचे के वस्त्र उस खंडहर में नहीं मिले। एसएसपी डॉ. बृजेश सिंह ने बताया कि घटना किसने की, इस बारे में सुराग लगाए जा रहे हैं। क्षेत्र में पुलिस की कई टीमें लगी हैं। शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट होगा कि बालिका की मृत्यु कैसे हुई। प्रथम दृष्टया हत्या हुई है। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने एसओजी प्रभारी नीजर मलिक, बिल्सी इंस्पेक्टर राजेंद्र पुंडीर, एसओ उघैती और बिसौली इंस्पेक्टर बृजेश सिंह की चार टीमें राजफाश को लगाई हैं। फोरेंसिक व एसओजी टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए है। सर्विलांस टीम की की भी मदद ली जा रही हैं। अब तक कई सीसीटीवी फुटेज देख लिए गए हैं। पुलिस टीमें घर निकलने के समय से लेकर सीसीटीवी बच्ची के जाने तक का पीछा कर रही है।


प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो पुलिस जब पहुंची तब बच्ची का शव स्कूल के पीछे खंडहरनुमा भवन में एक अलमारी जैसी दीवार में चादर लिपटा हुआ रखा गया था। बताया कि शव को इस तरह से रखा गया था कि कोई उसकी तलाश न कर सके, लेकिन किसी तरह जानकारी पाकर लोग वहां पहुंच गए और शव को बरामद कर लिया। जबकि इससे पहले परिजन यहां देख गए थे, लेकिन तब शव नहीं मिला था। दोपहर साढ़े तीन बजे जब बच्ची घर से निकली थी। इसके बाद रात नौ बजे के बाद उसका शव मिला। परिजन व नगर के लोग आशंका जता रहे हैं कि बच्ची के साथ दुष्कर्म और उसकी हत्या कहीं और की गई है। इसके बाद शव को यहां लाया गया है। इसमें बच्ची के पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों पर आशंका जताई जा रही है। परिजनों ने जिन जिन लोगों पर आशंका जताई है, उनको पुलिस ने उठा लिया है।

## महाराष्ट्र के सत्तारूढ़ महायुति नेताओं ने अमित शाह से की मुलाकात, सीट बंटवारे को लेकर बातचीत निर्णायक मोड़ पर



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ महायुति के नेताओं मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उपमुख्यमंत्रियों देवेंद्र फडणवीस और अजीत पवार ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। महाराष्ट्र में महायुति के शीर्ष नेताओं की शाह से देर शाम यह मुलाकात ऐसे समय हुई जब सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे पर बातचीत अहम पड़ाव पर है। बताया जाता है कि यह बैठक सीट बंटवारे को अंतिम रूप देने के लिए हुई। महायुति में भाजपा के अलावा शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजीत पवार के नेतृत्व वाली राकांपा शामिल है। इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि चुनाव में अगर विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी (एमवीए) जीत गया तो महाराष्ट्र हार जाएगा क्योंकि एमवीए केंद्र सरकार की मदद नहीं लेगा और वह राज्य को बर्बाद कर देगा।उधर, राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी ने विभिन्न इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्मों को नोटिस भेजे हैं जिनमें उनसे कुल 1,752 ऐसी पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है जिनमें मतदाताओं में भ्रम फैलाने के लिए फेक न्यूज दी गई है। इसके बाद 300 से ज्यादा पोस्ट डिलीट भी कर दी गईं।

## रजाई-कंबल निकाल लो! उत्तर भारत में दीवाली से पहले ठंड की शुरुआत, पहाड़ों में होगी बर्फबारी



**नईदिल्ली, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

मानसून की वापसी के साथ ही मौसम में उतार-चढ़ाव शुरू हो गया है। उत्तर भारत के राज्यों में तापमान में गिरावट है। फिर भी सामान्य से अधिक है। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने एक हफ्ते तक देश के उत्तरी हिस्से में मौसम में बड़े परिवर्तन से इनकार किया है, लेकिन पाकिस्तान में पश्चिमी विक्षोभ की स्थिति बन रही है, जिसका असर 24 अक्टूबर तक उत्तर भारत के पहाड़ों पर देखा जाएगा।मौसम पर नजर रखने वाली निजी एजेंसी स्काइमेट के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के चलते दिवाली से पहले उत्तर भारत में ठंड की शुरुआत हो जाएगी। हालांकि, फिर भी अधिक ठंड नहीं पड़ेगी, लेकिन लोगों को आगे लिए सतर्क जरूर कर देगी। भारत में ठंड की शुरुआत उत्तरी-पश्चिमी हवाओं के माध्यम से होती है। पश्चिमी विक्षोभ के चलते उत्तर भारत की पहाड़ियों में बर्फबारी होती है। पिछले वर्ष दिसंबर तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आया था, जिसके चलते ठंड की शुरुआत काफी देर से हुई थी। आमतौर पर पश्चिमी विक्षोभ का समय अक्टूबर से मार्च तक होता है।

इस बार 24 अक्टूबर को पहली बार दस्तक देगा और अगले तीन दिनों तक बरकरार रहेगा। इससे पहाड़ों में अच्छी बर्फबारी होगी। उसके बाद यह पूर्व दिशा की ओर बढ़ जाएगा। फिर उत्तर-पश्चिम से जो हवाएं चलने लगेंगी, वह ठंड लेकर आएंगी।एक हफ्ते तक पंजाब, हरियाणा और दिल्ली समेत गंगा के मैदानी इलाकों में मौसम संबंधी कोई परिवर्तन नहीं दिखेगा। दिन में धूप निकलती रहेगी और रातें थोड़ी ठंडी रहेंगी। सुबह और शाम का मौसम सुहाना हो जाएगा। फिलहाल उत्तर प्रदेश, बिहार और झारखंड में भी बारिश का अनुमान नहीं है, किंतु मध्य बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव का असर झारखंड एवं ओडिशा पर पड़ना तय है। अगले चार दिनों में यह तूफान की शक्ल भी ले सकता है।

# बांका में स्कॉर्पियो के कुचलने से पांच श्रद्धालुओं की मौत, एक दर्जन जख्मी, गुस्साए लोगों ने किया बवाल

**अमरपुर, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

अमरपुर-शंभूगंज मुख्य मार्ग पर नगरडीह के पास शुक्रवार की देर शाम स्कॉर्पियो के कुचलने से पांच श्रद्धालुओं की दर्दनाक मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि एक दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। मृतकों में तीन महिलाएं एक युवती व एक पुरुष शामिल हैं। शव की पहचान रजौन प्रखंड के मोहनपुर निवासी अर्जुन यादव की पत्नी ललिता देवी (40), अरुण पासवान की पत्नी टुन्नी देवी (45), सुमित्रा देवी (47) एवं अमरपुर प्रखंड के रामचन्द्रपुर निवासी रामचंद्र तांती (50) व 18 वर्षीय शोभानपुर की लक्की कुमारी के रुप में हुई है।एसडीओ अविनाश कुमार ने कहा कि इस घटना में पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। जबकि एक दर्जन लोग जख्मी हुए हैं। जख्मियों में अमरपुर व रजौन प्रखंड के लोग शामिल हैं। घायलों में कुछ का इलाज अमरपुर रेफरल अस्पताल, बांका सदर अस्पताल व कुछ को भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर किया गया है।सूचना के बाद पहुंची पुलिस पर स्थानीय लोगों ने पत्थरबाजी कर दी। इससे दो पुलिस कर्मी जख्मी हो गए। भीड़ ने पुलिस की डायल 112 गाड़ी में आग लगी। जबकि एक एंबुलेंस को क्षतिग्रस्त कर दिया। जख्मी में दारोगा पवन मांझी सहित अन्य हैं। आक्रोशित लोग सूचना के बाद देर से पुलिस के पहुंचने व उक्त मार्ग पर हो रहे सड़क हादसे पर रोक लगाने की मांग कर रहे थे।आक्रोशित भीड़ के उग्र रुप के कारण पुलिस जान बचाकर वहां से भाग गई। इस क्रम में एक घंटे से अधिक समय तक पुलिस भीड़ से दूरी बनाकर रही।



बाद में एसडीपीओ विपिन बिहारी व एसडीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में फुल्लीडुमर, अमरपुर, बांका सहित अन्य थाने की पुलिस पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। जानकारी के अनुसार दो सौ से अधिक लोगों का जत्था सुल्तानगंज स्थित गंगा नदी से स्नान कर गाते बजाते हुए अमरपुर के जैठोरनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिए आ रहे थे। इसी क्रम में शंभूगंज से रही एक सफेद रंग की स्कारपियो ने भीड़ को कुचल दिया। इससे चार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। जबकि दर्जन से अधिक जख्मी हो गए। घटना के बाद चीख पुकार से वहां का वातावरण गमगीन हो गया। घटना के बाद चालक स्कारर्पियो को लेकर भाग गया। इससे नाराज लोगों ने जमकर हंगामा किया।मंजू देवी, चंदा देवी, पुतुल देवी, शांति देवी, जूली कुमारी, ज्ञानी देवी सहित अन्य शामिल हैं।

## अंजनेय स्वामी मंदिर में तोड़फोड़ मामले में पुजारी गिरफ्तार, बेसमेंट में लगाए थे विस्फोटक



**अमरावती, 19 अक्टूबर ।**

आंध्र प्रदेश के अन्नामाय्या जिले में स्थित अभय अंजनेय स्वामी मंदिर को पूरी तरह से तहस-नहस करने वाला एक पुजारी निकला, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जंगल के बीचोबीच स्थित इस हनुमान मंदिर की नींव तक हिला देने वाले इस आरोपी पुजारी हरिनाथ यादव ने मंदिर के बेसमेंट में विस्फोटक भी लगा रखे थे।हालांकि, इनमें से वह विस्फोट करने में नाकाम रहा। हनुमान जी का यह छोटा सा मंदिर जमीन से अलग होकर एक तरफ झुक गया है। मंदिर के मुख्य द्वार के साथ ही इसमें रखी देवी-देवताओं की मूर्तियों को भी क्षति पहुंचाई गई है। आरोपी हरिनाथ यादव इस जिले के एक दूसरे मंदिर का पुजारी है और मंदिर के चढ़ावे और राजस्व को लेकर हुई रंजिश में इस अपराध को अंजाम दिया गया है।पुलिस के अनुसार कादिरनाथ उनीकोटा के वन क्षेत्र में स्थित इस मंदिर के बेसमेंट में विस्फोटक लगाए गए थे, लेकिन उसमें विस्फोट करने में विफल रहने के बाद मंदिर में अत्यधिक तोड़फोड़ और गर्भगृह में खुदाई करके मंदिर के ढांचे को पूरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इस घटना से भक्तों और विभिन्न हिंदू संगठनों में बहुत रोष है, लिहाजा आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने पुलिस को इस कृत्य में शामिल लोगों की तत्काल धरपकड़ करने को कहा।इस संबंध में अभय अंजनेय स्वामी मंदिर के पुजारी विद्यासागर ने एक रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की जांच की तो यह स्तब्ध करने वाली जानकारी सामने आई। जिला एसपी वी.विद्यासागर नायडू ने बताया कि अभय अंजनेय स्वामी मंदिर के पुजारी के मंदिर की आय की साझेदारी को लेकर एक अन्य मंदिर कनुगुंडा स्वामी मंदिर के पुजारी हरिनाथ यादव से मतभेद थे। हरिनाथ यादव मंदिर की आय के लिए अभय अंजनेय स्वामी मंदिर का नियंत्रण अपने हाथ में लेना चाहता है।

# आईएएस संजीव हंस और पूर्व राजद विधायक गुलाब यादव को ईडी ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल

**पटना, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी संजीव हंस और राजद के पूर्व विधायक गुलाब यादव को शुक्रवार की देर शाम आय से अधिक संपत्ति और पद के दुरुपयोग के आरोप में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार कर लिया। संजीव हंस की गिरफ्तारी उनके पटना स्थित सरकारी आवास से हुई। इसके पहले उनके उर्जा स्टेडियम के निकट वाले आवास और दिल्ली के तीन ठिकानों पर ईडी ने शुक्रवार को छापा भी मारा था। वहीं, पूर्व विधायक गुलाब यादव को दिल्ली स्थित एक रिसार्ट से गिरफ्तार किया गया। देर शाम ईडी के आधिकारिक सूत्रों ने दोनों की गिरफ्तारी की पुष्टि की।

बाद में ईडी के विशेष में कोर्ट में पेश किया गया और देर शाम बेऊर जेल भेज दिया गया। इससे पहले, शुक्रवार को ईडी की टीम ने संजीव हंस और उनके करीबियों के ठिकानों पर पटना और दिल्ली में एक साथ छापेमारी की। ईडी की कार्रवाई पटना में दो स्थानों पर जबकि दिल्ली में तीन स्थानों पर यह छापामारी देर शाम तक चली। प्रवर्तन निदेशालय ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट में की है। यहां आईएएस अधिकारी संजीव हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने जुलाई महीने में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत मामला दर्ज कर उनके पटना झंझारपुर दरभंगा पुणे मुंबई के ठिकानों समेत कुल 21 स्थान पर एक साथ छापा मारा था।

ईडी की पहल पर बिहार की विशेष निगरानी इकाई ने भी हंस और पूर्व विधायक गुलाब यादव के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया था। विशेष निगरानी की कार्रवाई के आधार पर ईडी ने कुछ दिन पहले ही आईएएस हंस व पूर्व विधायक गुलाब यादव, हंस की पत्नी समेत अन्य के खिलाफ नए सिरे से मनी लॉन्ड्रिंग का नया मामला दर्ज किया था।

## सीएम एकनाथ शिंदे के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग पायलट ने उड़ान के पांच मिनट बाद जमीन पर उतारा

**नईदिल्ली, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलीकॉप्टर की राज्य के सतारा जिले में आपातकालीन लैंडिंग हुई। उनके हेलीकॉप्टर ने सतारा से पुणे के लिए उड़ान भरी, लेकिन कुछ देर बाद ही इसे वापस लैंड कराया गया।हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) के सूत्रों ने बताया, शाम को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के हेलीकॉप्टर ने सतारा के दरे से पुणे के लिए उड़ान भरी। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद भारी बारिश शुरू हो गई, जिससे कैप्टन को हेलीकॉप्टर को वापस दरे की ओर मोड़ना पड़ा। सतारा जिले के एसपी समीर शेख ने समाचार एजेंसी एएनआई को बताया, पुणे और सतारा में मौसम साफ था, लेकिन उड़ान भरने के बाद अचानक बादल छा गए। पायलट ने कोई अशांति या आपातकालीन कॉल नहीं की, लेकिन एहतियात के तौर पर पायलट ने हेलीकॉप्टर को वापस मूल स्थान पर ले जाने का फैसला किया। हेलीकॉप्टर वापस आया और 5 मिनट के भीतर लगभग 4 बजे लैंड किया।

# नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री लामिछाने गिरफ्तार, 1.35 अरब रुपये के घोटाले का आरोप

**काठमांडू, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

नेपाल के पूर्व उप प्रधानमंत्री रबी लामिछाने को सहकारी समितियों से जुड़े धन के दुरुपयोग के मामले में शुक्रवार शाम को यहां उनके पार्टी कार्यालय से गिरफ्तार किया गया। नेपाल की केंद्रीय जांच ब्यूरो की पुलिस की एक टीम ने राजधानी काठमांडू के बाहरी इलाके बनस्थली में कार्यालय पर छापा मारा और 50 वर्षीय लामिछाने को गिरफ्तार किया, जो राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष भी हैं।इससे पहले, कास्की जिला न्यायालय ने सूर्यदर्शन सहकारी समितियों के धन के दुरुपयोग के मामले में पूर्व उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। एक संसदीय जांच समिति ने पाया था कि सूर्यदर्शन सहकारी समितियों के 1.35 अरब रुपये के फंड का दुरुपयोग किया गया था। नेपाल पुलिस ने पुष्टि की कि सहकारी निधि के दुरुपयोग के संबंध में शुक्रवार को लामिछाने के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। न्यायमूर्ति कृष्ण जंग शाह की अध्यक्षता वाली कास्की जिला न्यायालय की एक पीठ ने लामिछाने की गिरफ्तारी की अनुमति दी। पीठ ने पुलिस को 13 अन्य लोगों- बिशाल तमांग, नवीन अचामी, रबीना रिमल, अशरफ अली सिद्दीकी, दीपक लामा, अनंत बाबू राय, राम बहादुर खनल, देवेन्द्र बाबू राय, बिग्यान राय, ओम प्रकाश गुरुंग, बीर बहादुर रानाभट, दीपा न्यूपाने और कल्पना कुमारी श्रेष्ठ को भी समान आरोपों के संबंध में गिरफ्तार करने की भी अनुमति दी।समिति की रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि लामिछाने सूर्यदर्शन और गोरखा मीडिया नेटवर्क सहित विभिन्न सहकारी समितियों के धन का दुरुपयोग करने में शामिल थे, जब वह अब भंग हो चुकी मीडिया कंपनी के प्रबंध निदेशक थे। रिपोर्ट में सहकारी धोखाधड़ी में उनकी भूमिका के लिए कई अन्य लोगों को भी जिम्मेदार ठहराया गया है। रबी लामिछाने 6 मार्च 2024 से 15 जुलाई 2024 तक नेपाल की पुष्प कमल दहल की सरकार में उप प्रधानमंत्री थे। इस दौरान देश के गृह मंत्रालय का कार्यभार भी उनके पास था। इससे पहले 26 दिसंबर 2022 से 27 जनवरी 2023 तक भी वह उप प्रधानमंत्री रह चुके हैं। राजनीति नें आने से पहले वह पत्रकार भी थे और टीवी की जानी-मानी हस्ती थे।लामिछाने ने बाद में 2022 में राजनीति में प्रवेश किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के गठन की घोषणा की और उसी वर्ष चुनाव लड़ने वाले सांसद के रूप में संघीय संसद में प्रवेश किया। अपने कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने में विफलता के कारण उनके मालिकाना हक वाले टेलीविजन कंपनी ने पिछले साल से अपना औपचारिक संचालन बंद कर दिया है।

# बंगाल सरकार से डॉक्टरों एक और मांग, फिर से खोली जाए 23 साल पहले मेडिकल छात्र मौत




**कोलकाता, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

23 साल पहले आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में मेडिकल छात्र सौमित्र बिस्वास की मौत के मामले की फाइल को फिर से खोलने के लिए उनके भाई शांतनु बिश्वास ने राज्य से सरकार से अनुरोध किया है। बता दें कि मेडिकल छात्र सौमित्र बिस्वास का शव अस्पताल के हॉस्टल में फंदे से लटका मिला था। पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि सौमित्र ने आत्महत्या की है। लेकिन मृत छात्र की मां को इस पर विश्वास नहीं था और उन्होंने इसके खिलाफ हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उनका आरोप था कि हॉस्टल में अश्लील फिल्म की शूटिंग का विरोध करने पर सौमित्र को जान से हाथ धोना पड़ा था। तब तत्कालीन वाममोर्चा सरकार पर मामले को रफा-दफा करने का आरोप लगा था। टीएमसी सांसद पार्थ भौमिक ने कहा कि वह इस मामले को लेकर वकीलों से बात करेंगे। आरजी कर अस्पताल के छह और डॉक्टर वित्तीय अनियमितताओं के सिलसिले में सीबीआई की जांच के घेरे में हैं। इससे पहले सीबीआई ने इन छह डॉक्टरों में से कुछ से पूछताछ की थी। सूत्रों ने बताया कि सीबीआई अधिकारी इन छह डॉक्टरों के खिलाफ अपने निष्कर्षों के बारे में बंगाल सरकार को सूचित करेंगे, ताकि राज्य सरकार निष्पक्ष जांच के लिए उन्हें उनके पदों से हटा सके।इससे पहले सीबीआई ने इन छह डॉक्टरों में से कुछ से पूछताछ की थी। जांच अधिकारियों ने वित्तीय अनियमितताओं के मामले में इन छह डॉक्टरों की संलिप्तता के कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी हासिल किए हैं। मालूम हो कि अस्पताल के पूर्व उपाधीक्षक डा. अख्तर अली ने घोष व अन्य के खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए थे। सीबीआई ने बंगाल के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को एक पत्र लिखकर जानकारी मांगी कि आरजी कर अस्पताल भ्रष्टाचार मामले में शामिल अधिकारी अभी भी चिकित्सा प्रतिष्ठान में महत्वपूर्ण पदों पर क्यों बने हुए हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 23 अगस्त को अस्पताल में वित्तीय अनियमितताओं की जांच राज्य द्वारा गठित विशेष जांच दल से केंद्रीय एजेंसी को स्थानांतरित करने का आदेश दिया था। एजेंसी ने निगम को लिखे पत्र में सवाल किया कि दो चिकित्सक देबाशीष सोम और सुजाता घोष अब भी अपने-अपने पदों पर क्यों बने हुए हैं।

## अमेरिका ने हाउती से संबंध वाले दो भारतीयों पर लगाई रोक, 18 कंपनियों पर भी लगाया प्रतिबंध



**वाशिंगटन, 19 अक्टूबर [एजेंसी]।**

यमन के हाउती विद्रोहियों से संपर्क के चलते अमेरिका ने विभिन्न देशों की 18 कंपनियों और व्यक्तियों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं। जिन लोगों को प्रतिबंधित किया गया है उनमें दो भारतीय भी शामिल हैं। अमेरिकी सरकार ने हाउती के ईरान से अवैध तेल कारोबार और धन प्राप्ति के अन्य स्त्रोतों पर प्रहार किया है। जिन कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं उनमें मार्शल द्वीप में पंजीकृत चांगताई शिपिंग एंड नेवीगेशंस लिमिटेड और यूएई की इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट भी शामिल हैं। जो दो भारतीय प्रतिबंध के दायरे में आए हैं वे इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट कंपनी से जुड़े हुए हैं। अमेरिकी सरकार की अधिसूचना के अनुसार भारतीय नागरिक राहुल रतनलाल वारिकू कंपनी के प्रबंध निदेशक हैं। वह अमेरिकी कंपनी-सेफ सीज शिप मैनेजमेंट और कुछ अन्य कंपनियों से भी जुड़े हुए हैं। एक अन्य भारतीय दीपांकर मोहन केओत हांगकांग से कारोबार करते हैं। वह इंडो गल्फ शिप मैनेजमेंट कंपनी में टेक्निकल मैनेजर हैं।इसलिए वह भी अमेरिकी प्रतिबंधों के दायरे में आ गए है। प्रतिबंधित लोगों की अमेरिका यात्रा के साथ ही अमेरिकी अर्थतंत्र में कार्य करने पर रोक लग जाती है। विदित हो कि हाउती ने हमास के समर्थन में लाल सागर से गुजरने वाले जहाजों पर लगातार हमले किए हैं।विज्ञप्ति में कहा गया है कि प्रतिबंधों के तहत, 50 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी के साथ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से स्वामित्व वाली उनकी सभी संपत्ति और संपत्ति में हितों को अवरुद्ध कर दिया जाएगा और ओएफएसी को रिपोर्ट किया जाएगा। अल-जमाल नेटवर्क को वित्तीय, सामग्री या तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए जहाज के कप्तान अली बरखोरदार और वाहिद उल्लाह दुर्रानी को भी मंजूरी दी जा रही है।



## पुष्पा: द रूल से अल्लू अर्जुन की नई झलक आई सामने, 6 दिसंबर को रिलीज होगी फिल्म

अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की फिल्म पुष्पा: द रूल इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है। यह फिल्म पुष्पा: द राइज (2021) का सीक्वल है।अब फिल्म से अल्लू की नई झलक सामने आ गई है, जिसमें उनका धांसू अवतार दिख रहा है। पुष्पा राज बन वह एक बार फिर धमाल मचाएंगे को तैयार हैं।पुष्पा: द रूल 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना फिल्म छावा से होगा।

बता दें, साउथ एक्टर ब्रह्मा ने फिल्म पुष्पा 2 की शूटिंग खत्म होने की जानकारी दी है. एक्टर ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी शेयर किया है. वीडियो में पुष्पा 2 के डायरेक्टर, ब्रह्मा, फहाद फासिल और एनिमल एक्टर सौरभ सचदेवा भी दिख रहे हैं. यह सभी एक कार में हैं. कार पुष्पा 2 के विलेन भंवर सिंह शेखावत फहाद चला रहे हैं. वहीं, पुष्पा 2 में शॉकिंग एंट्री सौरभ सचदेवा की है, जिन्होंने फिल्म एनिमल में बॉबी देओल के छोटे भाई का रोल प्ले किया था. सौरभ को फिल्म एनिमल से खूब शोहरत मिली है. अब पुष्पा 2 में सौरभ की एंट्री बताती है कि फिल्म और भी ज्यादा धांसू होने वाली है.

पुष्पा: द रूल के निर्देशन की कमान सुकुमार कर रहे हैं। पहले भाग का निर्देशन भी उन्होंने ही किया था।इस फिल्म में फहद फासिल भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाते हुए नजर आएंगे। एसपी भंवर सिंह शेखावत उनकी झलक पहले ही सामने आ चुकी है।पुष्पा: द रूल हिंदी समेत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के साथ बंगाली भाषा में भी रिलीज होगी।यह पहली पैन-इंडिया फिल्म है, जो बंगाली भाषा में रिलीज होने वाली है।

## वरुण धवन की बेबी जॉन में नजर आएंगी कीर्ति सुरेश, जन्मदिन पर हुआ आधिकारिक ऐलान



दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री कीर्ति सुरेश की 32वां जन्मदिन के खास मौके पर उनके प्रशंसकों को बड़ा तोहफा मिला है। दरअसल, वरुण धवन की आगामी फिल्म बेबी जॉन की स्टार कास्ट में कीर्ति शामिल हो गई हैं।पिछले काफी समय से यह खबरें आ रही थीं, लेकिन अब कीर्ति के जन्मदिन पर इसका आधिकारिक ऐलान हो गया है।इस फिल्म के जरिए कीर्ति बॉलीवुड में कदम रखने जा रही हैं।

जियो स्टूडियोज ने कीर्ति को जन्मदिन की बधाई देते हुए लिखा, कीर्ति सुरेश को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हम बेबी जॉन में आपका जादू देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकते।कीर्ति और वरुण के अलावा वामिका गब्बी और जैकी श्रॉफ भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं।बेबी जॉन को 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। इसके निर्देशन की कमान कलीज ने संभाली है, वहीं फिल्म कहानी जवान के निर्देशक एटली ने लिखी है।

## कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 का मुख्य गाना जारी, दिलजीत दोसांझ ने दी आवाज

पिछले लंबे समय से अभिनेता कार्तिक आर्यन अपनी आगामी फिल्म भूल भुलैया 3 को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है।इसके अलावा विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाती हुई नजर आएंगी।अब निर्माताओं ने भूल भुलैया 3 का मुख्य गाना जारी कर दिया है, जिसमें कार्तिक जबरदस्त डांस करते नजर आ रहे हैं। इस गाने को पिटबुल, नीरज श्रीधर और दिलजीत दोसांझ ने साथ मिलकर तैयार किया है।भूल भुलैया 3 इस साल दीवाली के खास मौके पर यानी 1 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का सामना अजय देवगन की फिल्म सिंघम अगेन से होगा।भूल भुलैया 3 2007 में आई फिल्म भूल भुलैया की तीसरी किस्त है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान अनीस बज्मी ने संभाली है।



# रोजाना कुछ मिनट करें स्लेज पुश एक्सरसाइज, मिलेंगे स्वास्थ्य से जुड़े कई लाभ



स्लेज पुश एक बेहतरीन एक्सरसाइज है, जो पूरे शरीर की ताकत और सहनशक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।यह न केवल आपके पैरों और कंधों को मजबूत बनाता है, बल्कि आपके हृदय स्वास्थ्य को भी सुधारता है।स्लेज पुश का उपयोग अक्सर एथलीट्स और फिटनेस प्रेमियों द्वारा किया जाता है क्योंकि यह एक उच्च तीव्रता वाली एक्सरसाइज है, जो कम समय में अधिक परिणाम देती है और शरीर की कई मांसपेशियों को सक्रिय करती है।

पैरों की मजबूती बढ़ाने में है सहायक

स्लेज पुश करते समय आपके पैर सबसे ज्यादा काम करते हैं।इस एक्सरसाइज से आपकी जांघों, पिंडलियों और ग्लूट्स की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।इसमें जब आप स्लेज को धक्का देते हैं तो आपको अपने पैरों से जोर लगाना पड़ता है, जिससे उनकी ताकत बढ़ती है। नियमित रूप से इस एक्सरसाइज को करने से आपकी दौड़ने और कूदने की क्षमता भी बेहतर होती है।इसके अलावा यह एक्सरसाइज आपके पैरों की सहनशक्ति को भी बढ़ाता है।

कंधों और बाहों का विकास में हैं मददगार

स्लेज पुश न केवल पैरों के लिए बल्कि कंधों और बाहों के लिए भी बहुत फायदेमंद होते हैं। जब आप स्लेज को धक्का देते हैं तो आपके कंधे और बाहें भी सक्रिय रहती हैं।इससे उनकी मांसपेशियां मजबूत होती हैं और सहनशक्ति बढ़ती है।यह एक्सरसाइज उन लोगों के लिए खास तौर पर अच्छा होता है, जो अपने ऊपरी शरीर की ताकत बढ़ाना चाहते हैं और अपनी फिटनेस को एक नए स्तर पर ले जाना चाहते हैं।

हृदय स्वास्थ्य को सुधारने में है प्रभावी

स्लेज पुश एक कार्डियोवस्कुलर एक्सरसाइज भी मानी जाती है क्योंकि इसे करने से आपका दिल तेजी से धड़कने लगता है। इससे आपका हृदय स्वास्थ्य सुधरता है और कैलोरी बर्न होती हैं।नियमित रूप से इस एक्सरसाइज को करने से आपका स्टैमिना बढ़ता है, जिससे आप अन्य शारीरिक गतिविधियों में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं।यह एक्सरसाइज आपकी सहनशक्ति को भी बढ़ाती है और आपको फिट रहने में मदद करता है।

शरीर के संतुलन और स्थिरता में कर सकती है सुधार

स्लेज पुश करते समय आपको अपने शरीर का संतुलन बनाए रखना पड़ता है, जिससे आपकी स्थिरता सुधरती है।इस एक्सरसाइज के दौरान आपके कोर मसल्स भी सक्रिय रहते हैं, जो संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं।यह खासतौर से उन लोगों के लिए फायदेमंद होता है, जिन्हें खेलकूद या अन्य शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना पसंद होता है जहां संतुलन अहम होता है।नियमित अभ्यास से आपका शरीर अधिक स्थिर और संतुलित हो जाता है।

मानसिक स्वास्थ्य को रख सकती है ठीक


इस उच्च तीव्रता वाली एक्सरसाइज को करने के दौरान आपको मानसिक दृढ़ता की आवश्यकता होती है क्योंकि इसे करना आसान नहीं होता।लगातार प्रयास करने पर आपकी मानसिक शक्ति भी विकसित होती जाती है, जिससे आप जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी चुनौतियों का सामना आसानी से कर सकते हैं।इस प्रकार स्लेज पुश एक संपूर्ण शारीरिक और मानसिक विकास प्रदान करता है, जिसे अपनी फिटनेस रूटीन में शामिल करना चाहिए।

## हाई नीज: जानिए इस एक्सरसाइज के अभ्यास का तरीका और अन्य जरूरी बातें

हाई नीज एक सरल और प्रभावी एक्सरसाइज है, जो आपके कार्डियोवस्कुलर सहनशक्ति को बढ़ाने में मदद कर सकती है।यह एक्सरसाइज न केवल दिल की धड़कन को तेज करती है, बल्कि पैरों और पेट की मांसपेशियों को भी मजबूत बना सकती है।इसे कहीं भी और कभी भी किया जा सकता है, जिससे यह रोजाना की फिटनेस दिनचर्या में शामिल करने के लिए एक बेहतरीन विकल्प बन सकती है। इसके अलावा यह वजन घटाने में भी मददगार होता है।

हाई नीज कैसे करें?

सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं, फिर घुटनों को बारी-बारी से ऊंचा उठाएं, जैसे कि आप दौड़ रहे हों। ध्यान रखें कि आपके घुटने कम से कम आपकी कमर तक पहुंचें।इसमें अपने हाथों का उपयोग संतुलन बनाए रखने के लिए करें और उन्हें आगे-पीछे हिलाएं।इस प्रक्रिया को लगातार 30 सेकंड से 1 मिनट तक दोहराएं। अगर आप इसकी शुरुआत कर रहे हैं तो धीरे-धीरे समय बढ़ाएं।



हाई नीज के फायदे

हाई नीज करने से दिल तेजी से धड़कता है, जिससे रक्त संचार बेहतर होता है और ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है।यह एक्सरसाइज आपके पैरों और पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाने में मदद कर सकती है, जिससे आपकी शारीरिक सहनशक्ति बढ़ सकती है।इसके अलावा यह कैलोरी जलाने में भी मददगा है, जो वजन घटाने के लिए फायदेमंद हो सकता है। इस एक्सरसाइज को नियमित करने से आपकी फिटनेस स्तर में सुधार होता है।

हाई नीज करते समय सावधानियां

हाई नीज करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी होता है ताकि चोट लगने का खतरा न हो।सबसे पहले सुनिश्चित करें कि आप सही तरीके से खड़े हैं और आपके पैर जमीन पर मजबूती से टिके हुए हैं।अपने घुटनों को ऊंचा उठाते समय संतुलन बनाए रखें। अगर आपको किसी प्रकार की दर्द या असुविधा महसूस होती है तो तुरंत रुक जाएं और डॉक्टर से सलाह लें।एक्सरसाइज के दौरान आरामदायक कपड़े पहनें और पर्याप्त पानी पिएं।

हाई नीज को अपनी दिनचर्या में शामिल करने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

हाई नीज को अपनी फिटनेस दिनचर्या में शामिल करना आसान होता है।इसे आप वार्म-अप एक्सरसाइज के रूप में कर सकते हैं या फिर मुख्य वर्कआउट का हिस्सा बना सकते हैं।इसे अन्य कार्डियोवस्कुलर एक्सरसाइज जैसे जॉगिंग या स्किपिंग के साथ मिलाकर किया जा सकता है ताकि आपको अधिकतम लाभ मिल सके।इस प्रकार हाई नीज एक सरल लेकिन प्रभावी एक्सरसाइज है, जो आपकी कार्डियोवस्कुलर सहनशक्ति बढ़ाने में मदद करता है।

### विनीत कुमार सिंह की फिल्म मैच फिक्सिंग की रिलीज तारीख से उठा पर्दा

अभिनेता विनीत कुमार सिंह का नाम बॉलीवुड के उन अभिनेताओं की सूची में शामिल है, जिन्होंने अलग-अलग किरदार निभाकर प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई है।पिछली बार उन्हें वेब सीरीज रंगबाज: डर की राजनीति में देखा गया था, जिसमें उनके काम को खूब सराहा गया। यह जी5 पर उपलब्ध है।मौजूदा वक्त में विनीत अपनी आगामी फिल्म मैच फिक्सिंग को लेकर चर्चा में हैं। अब इस फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है।

राजनीतिक थ्रिलर फिल्म मैच फिक्सिंग 15 नवंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है। फिल्म से विनीत की पहली झलक भी सामने आ गई है।मैच फिक्सिंग कंवर खताना की किताब द गेम बिहाइंड सैफरन टेरर से प्रेरित है। फिल्म की कहानी अनुज एस मेहता ने लिखी है।इस फिल्म में अनुजा साठे और मनोज जोशी जैसे सितारे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। केदार गायकवाड़ ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।



# श्रद्धा कपूर को मिला नया प्यार



श्रद्धा कपूर इन दिनों अपनी पेशेवर जिंदगी के साथ-साथ अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी सुर्खियां बटोर रही हैं।हाल ही में एक इंटरव्यू में श्रद्धा ने खुलासा किया था कि वह रिलेशनशिप में हैं और अपने साथी के साथ समय बिताना पसंद करती हैं।पिछले कुछ समय से श्रद्धा का नाम फिल्म तू झूठी मैं मक्कार के लेखक राहुल मोदी के साथ जुड़ रहा है।अब खबर आ रही है कि श्रद्धा और राहुल का ब्रेकअप हो गया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, श्रद्धा और राहुल को ब्रेकअप हो चुका है। दोनों स्त्री 2 की रिलीज से पहले ही अलग हो चुके हैं।राहुल से अलग होने के कुछ महीनों बाद अब श्रद्धा को नया प्यार मिल गया है।खबर आ रही है कि अभिनेत्री एक सिंधी व्यवसायी को डेट कर रही हैं, जो बॉलीवुड से ताल्लुक नहीं रखते। हालांकि, उन्होंने कुछ फिल्मों पर निवेश किया है। अब यह सच है या नहीं, ये तो श्रद्धा ही बताएंगी।खबर यह भी है कि श्रद्धा जिस सिंधी बिजनेसमैन को डेट कर रही हैं, वह उनसे उम्र में छोटा है। कहा जा रहा है कि वह स्त्री 2 के प्रचार-प्रसार के दौरान श्रद्धा के साथ दिल्ली में ही थे।रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि श्रद्धा जल्द ही सिंधी व्यवसायी से शादी के बंधन में बंध सकती हैं।राहुल और सिंधी बिजनेसमैन से पहले श्रद्धा का नाम अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ भी जुड़ चुका है।

### शब्द सामर्थ्य - 211


(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

ऊपर से नीचे

1. हृदय, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बर्बादी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अहेरी 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



#### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 210 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |



## कृति सैनन ने पहनी लगभग 3 लाख रुपये की डेनिम जैकेट और ट्राउजर, तस्वीरें वायरल

कृति सैनन ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें साझा की हैं, जिसमें वह डेनिम जैकेट और ट्राउजर पहने नजर आ रही हैं।उनकी यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। अभिनेत्री का यह लुक भी उनके प्रशंसकों को खूब पसंद आ रहा है।हर शख्स कृति की इन कपड़ों की कीमत जानना चाहता है, जो लाखों में है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कृति के इन कपड़ों की कीमत 2.93 लाख रुपये है।

कृति इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो पत्ती को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं।इस फिल्म के जरिए कृति बतौर निर्माता बॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं। दो पत्ती कृति के होम प्रोडक्शन ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स की पहली फिल्म है।इस फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री काजोल भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। शाहीर शेख भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।इस फिल्म का प्रीमियर 25 अक्टूबर, 2024 से नेटफ्लिक्स पर होने जा रहा है।

## बॉक्स ऑफिस पर आलिया भट्ट की जिगरा ने छठे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये, जानिए कुल कारोबार



अभिनेत्री आलिया भट्ट और अभिनेता वेदांग रैना की फिल्म जिगरा को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है।यह फिल्म 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।यह फिल्म पहले दिन से ही दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने संघर्ष कर रही है।अब जिगरा की कमाई के छठे दिन का आंकड़े सामने आ गए हैं, जिसमें गिरावट दर्ज की गई है। सैकनिल्क के मुताबिक, जिगरा ने अपनी रिलीज के छठे दिन 1.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 21.10 करोड़ रुपये हो गया है। इस फिल्म ने 4.55 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन इस फिल्म ने 6.55 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 5.5 करोड़ रुपये का कारोबार किया था।चौथे दिन यह फिल्म 5.5 करोड़ रुपये और पांचवें दिन 1.6 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। जिगरा का निर्देशन वासन बाला ने किया है। करण जौहर इसके निर्माता हैं। इसमें आलिया न सिर्फ अभिनय कर रही हैं, बल्कि वह फिल्म की सह-निर्माता भी हैं। इस फिल्म का बजट 80 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।जिगरा में आलिया ने वेदांग की बड़ी बहन का किरदार निभाया है, जो अपने भाई को हर मुसीबत से बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।इस फिल्म को आप हिंदी और तेलुगु भाषा में देख सकते हैं।

## जिगरा पर भारी पड़ी विक्की विद्या का वो वाला वीडियो, छठे दिन कमाए इतने करोड़ रुपये

राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी अभिनीत फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो को 11 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, जिसे दर्शकों और समीक्षकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी।हर गुजरते दिन के साथ इस फिल्म की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है।आइए जानते हैं विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने छठे दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, विक्की विद्या का वो वाला वीडियो ने अपनी रिलीज के छठे दिन यानी पहले बुधवार को 1.85 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 25.15 करोड़ रुपये हो गया है।फिल्म ने 5.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।बात दें कि राज शांडिल्य के निर्देशन में बनी इस फिल्म को लगभग 30 करोड़ रुपये की लागत में बनाया गया है। विक्की विद्या का वो वाला वीडियो की कहानी विक्की (राजकुमार) और विद्या (तृप्ति ) पर आधारित है, जो अपनी शादी के बाद पहली रात को यादगार बनाने के लिए वीडियो बनाते हैं, लेकिन वह वीडियो खो जाता है।







# आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की चिंता दूर हो रही पीएम आवास सेः रामविचार

**कोरिया।** छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, अनुसूचित जाति विकास, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा कोरिया एवं मनेंद्रगढ़ -चिरमिरी-भरतपुर के प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम आवास मेला कार्यक्रम में पहुंचे थे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिला पंचायत के आडिटोरियम में आवास मेला का आयोजन किया गया था, जिसमें कोरिया सहित मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर से बड़ी संख्या में हितग्राही आए हुए थे। इसके पहले मंत्री श्री रामविचार नेताम का जिला पंचायत के अध्यक्ष श्रीमती रेणुका सिंह, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योत्सना राजवाड़े, बैकुंठपुर जनपद पंचायत के अध्यक्ष सौभाग्यवती कुसरो, कलेक्टर कोरिया श्रीमती चन्दन त्रिपाठी, कलेक्टर एमसीबी श्री राहुल वेंकट, पुलिस अधीक्षक श्री सूरज सिंह परिहार, कोरिया जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी, एमसीबी के जिला पंचायत सीईओ श्री नितेश उपाध्याय, पूर्व विधायक श्रीमती चंपादेवी पावले, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि श्री कृष्ण बिहारी जायसवाल, श्री अनिल केशरवानी सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया और पुलिस के जवानों ने सलामी दी।

आवास मेला के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, समाज कल्याण विभागों के स्टॉलों का मंत्री श्री नेताम ने निरीक्षण किया। श्री नेताम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में अपने ब्लड प्रेशर का जांच भी कराए। मत्स्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल व हितग्राहियों को इस अवसर पर मछली जाल भी वितरण किया गया। श्री नेताम ने हितग्राहियों को जाल मिलने पर बधाई दी तो उत्सुकतावश एक महिला हितग्राही ने गांव आकर मछली खाने का निमंत्रण भी दिया। श्री नेताम ने उन्हें मुस्कराते हुए सहमति भी दी। आवास मेला में बड़ी संख्या में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को सम्बोधित करते हुए मंत्री श्री रामविचार नेताम ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने हर गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए पक्का आवास उपलब्ध कराने के लिए बड़ी संख्या में आवास स्वीकृति की है। उन्होंने कहा विष्णु सरकार ने सत्ता सम्हालते ही पहली बैठक में प्रदेश के 18 लाख आवासों की स्वीकृति दी है। श्री नेताम ने हितग्राहियों से कहा कि गरीब, जरूरतमंद लोगों की चिंता हमारी सरकार ने की है। मंत्री श्री नेताम ने कहा कि महतारी वन्दन योजना के तहत हर माह प्रदेश के 70 लाख विवाहित महिलाओं के खाते में एक हजार रुपये सीधे डाली जा रही है। इससे इन महिलाओं के जीवन में एक सुखद बदलाव देखने को मिला है। छोटे-छोटे कार्यो के लिए अब इन महिलाओं को दूसरे पर आश्रित नहीं होना पड़ रहा है और बच्चों के पढ़ाई-लिखाई सहित अन्य जरूरत में यह राशि उपयोग कर रहे हैं। मंत्री श्री नेताम ने बड़ी संख्या में प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्ण करने वाले कोरिया एवं मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 14 हितग्राहियों को आवास की चाबी व अभिनन्दन पत्र प्रदान किया साथ ही आवास स्वीकृत 16 नए हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश भी दी गई। इसी तरह से मंत्री श्री नेताम ने प्रधानमंत्री आवास योजना में कार्यरत उत्कृष्ट राजमिस्त्रियों को हेलमेट, करनी, इंची, टेप, एफरान आदि वितरण किया गया। राष्ट्रीय आजीविका मिशन, स्वच्छ भारत मिशन में बेहतर कार्य करने वालो को प्रशस्ति पत्र व स्वच्छता किट प्रदान किया गया। मंत्री श्री नेताम ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा बनाए गए आयुष्मान कार्ड , श्रम विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री नोनी सहायता योजना के तहत तीन हितग्राहियों को 20-20 हजार रुपए का चेक, उद्यानिकी विभाग के तहत सामुदायिक फेंसिंग योजना के तहत 6 हितग्राहियों को चेक वितरण किया गया। इसी तरह वन अधिकार मान्यता पत्र के हितग्राहियों को वनाधिकार पट्टा वितरण किया गया। आदिवासी विकास विभाग द्वारा अभी तक जिले के 7 हजार 266 हितग्राहियों को पट्टा वितरण किया जा चुका है। इसके अलावा मंत्री श्री नेताम ने शिक्षा, कृषि, पशुपालन, नरेगा, मत्स्य पालन व समाज कल्याण के विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र, स्वायल हेल्थ कार्ड, अनुदान राशि, आइस बॉक्स, महाजाल, व्हीलचेयर व प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बैकुंठपुर व सोनहत विकासखण्ड के सभी पात्र हितग्राहियों को आवास मिले इसके लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में बड़ी संख्या में आयुष्मान कार्ड बनाए गए हैं। राज्य में कोरिया जिला, आयुष्मान कार्ड बनाने के मामले चौथा नम्बर पर हैं। अब तक 2 लाख 57 हजार 574 कार्ड बनाए जा चुके हैं यानी 91.4 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बन चुके हैं। कलेक्टर ने बताया कि वर्ष 2024-25 के तहत मृदा नमूना, संग्रहन, विश्लेषण तथा स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण 2000 लक्ष्य के विरुद्ध 2087 स्वायल हेल्थ कार्ड का वितरण किया गया है। उन्होंने जिले में शहद की खेती को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना तैयार करने तथा मिलेट्स पर विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष श्री रेणुका सिंह व पूर्व विधायक श्रीमती चंपा देवी पावले ने सम्बोधित किया, तो आभार प्रकट जिला पंचायत सीईओ डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कोरिया व एमसीबी जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कार्य में लापरवाही बरतने पर सचिव निलंबित सरपंच के विरुद्ध धारा 40 की होगी कार्रवाई

**सूरजपुर।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती कमलेश नंदिनी साहू द्वारा जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत घुमाडांड के सचिव को कार्य में लापरवाही बरतने के फलस्वरुप निलंबित किया गया है एवं सरपंच के विरुद्ध धारा 40 के तहत कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब है कि ग्राम पंचायत घुमाड़ांड में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कराया जा रहा आवास की समीक्षा पर पाया गया कि योजना अंतर्गत आवास स्वीकृति के लिए नियमित शिक्षिका के पति के नाम पर ग्रामसभा से अनुमोदन करते हुए आवास की पात्रता सूची में एक शिक्षिका के पति हैं उनको पात्रता की सूची में रखा गया जो घोर लापरवाही का घोतक है। उक्त प्रकरण की समीक्षा पर लापरवाही बरतने वाले सचिव श्री अनिल कुमार गुप्ता को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए जनपद पंचायत प्रतापपुर संलग्न किया गया है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत सरपंच पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रतापपुर को पंचायत राज अधिनियम की धारा 40 के तहत कार्यवाही हेतु पत्र प्रेषित कर अनुशंसा की गई है, इसके साथ ही सभी पंचायत सचिवों को इस प्रकार की लापरवाही नहीं किए जाने संबंधी निर्देश दिए गए हैं।

## प्रतापपुर में एक दिवसीय पोषण सखी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि विभाग के तत्वावधान में सुरजपुर जिले के प्रतापपुर ब्लॉक में निवासरत ग्रामीण आदिवासी परिवारों के आय में वृद्धि एवं वर्ष भर पोषित आहार की उपलब्धता हेतु वर्ल्ड बैंक एवं आई.एफए.डी. के सहयोग से ''चिराग परियोजना'' संचालित किया जा रहा है। इस परियोजना अंतर्गत चिन्हांकित ग्रामों में पोषण आधारित गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु ''पोषण सखी'' के रूप में कार्य करने के लिए संबंधित ग्रामों के महिलाओं का चयन किया गया है। चयनित महिलाओं पोषण सखी के रूप में कार्य करने के लिए तकनीकी सहयोग संस्था पीसीआई के सहयोग से एक दिवसीय पोषण सखी उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण के दौरान चयनित महिलाओं को चिराग परियोजना का परिचय, कुपोषण, संतुलित आहार, कृषि एवं पोषण से संबंधित दैनिक भोजन के आहार विविधता और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन हेतु संचार किया गया। इस परियोजना को मास्टर ट्रेनर रूपनाथ हंस ब्लाक कोऑर्डिनेटर पीसीआई इंडिया एवं विभा साहू सुपरवाइजर महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया। कार्यक्रम के उपस्थित उपसंचालक कृषि सुश्री संपदा पैकरा, अनुविभागीय कृषि अधिकारी संदीप सिंहा, चिराग राज्य कार्यालय से मयूर गुप्ता एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी शिव शंकर यादव तथा कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी और चयनित 40 पोषण सखी उपस्थित रहे।

## अविवादित नामांतरण, बंटवारा व सीमांकन के मामलों में समय-सीमा के भीतर कार्यवाही-डॉ.अमृता

### राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-नामांतरण प्रक्रिया का पालन

**कोरिया।** विगत दिनों एक दैनिक समाचार पत्र ने 16 अक्टूबर 2024 को कोरिया जिले के राजस्व कार्यों से संबंधित खबर प्रकाशित की गई थी, जिसमें आम जनता के कार्यों में देरी और दलालों के कार्य तत्परता से किए जाने का आरोप लगाया गया था। जिला प्रशासन ने इन आरोपों को पूरी तरह असत्य और तथ्यों के विपरीत बताया है।

बैकुंठपुर तहसीलदार डॉ. अमृता सिंह ने जानकारी दी है कि वर्ष 2023-24 के दौरान 742 अविवादित नामांतरण, 81 अविवादित बंटवारा और 561 सीमांकन के मामलों में समय सीमा के भीतर विधिवत कार्यवाही की गई है। शासकीय जमीनों को निजी हाथों में बेचे जाने संबंधी आरोप भी पूरी तरह से गलत हैं। अब-तक ऐसी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। राजस्व कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ई-नामांतरण प्रक्रिया का पालन किया जाता है। सभी आवेदन ऑनलाइन प्राप्त होते हैं और नियमानुसार ईश्तहार जारी करने के बाद हल्का पटवारी से जांच कराकर नामांतरण की कार्यवाही की जाती है, जो आम जनता के अवलोकन हेतु उपलब्ध रहती है। ग्राम आनी और ग्राम बस्ती के मामले में भी खबर में दिए गए तथ्यों को खारिज किया गया है। ग्राम आनी में शासकीय से निजी नामांतरण की प्रक्रिया पूरी तरह वैध है, जिसमें कलेक्टर सरगुजा के अनुमति आदेश के साथ पंजीकृत विक्रय पत्र प्रस्तुत किया गया था। इसी तरह, ग्राम बस्ती की भूमि 1954-55 के राजस्व अभिलेखों में पहले से निजी स्वामित्व में दर्ज थी, जिसे विधिवत रूप से बेचा गया है। तहसीलदार डॉ अमृता सिंह ने यह भी स्पष्ट किया है कि बैकुण्ठपुर तहसील कार्यालय में अधिकारी और कर्मचारी नियमित रूप से उपस्थित रहते हैं और आम जनता के आवेदनों का समय पर निराकरण किया जाता है। किसी भी व्यक्ति को अपने छोटे-मोटे कामों के लिए चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है। उन्होंने उक्त खबर पर स्पष्ट किया है कि सभी आरोप तथ्यहीन हैं और आम जनता के कार्य समयबद्ध तरीके से निपटाए जा रहे हैं।

## 30 तक कौशल पखवाड़ा का किया जा रहा आयोजन

**सूरजपुर।** राज्य शासन द्वारा संचालित केन्द्र तथा राज्य शासन की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजना, नल जल मित्र कार्यक्रम, आजीविका विकास कार्यक्रम व नियद नेल्लानार योजना के तहत दिये युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सहायक संचालक सुश्री चारु चित्रा साय ने बताया कि कौशल प्रशिक्षण के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रगति लाने तथा आम ग्रामीण युवाओं को कौशल प्रशिक्षण की पहुंच बनाने के उद्देश्य से जिले में 14 से 30 अक्टूबर 2024 तक कौशल पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

## सूरता और रामानुजनगर में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का हुआ आयोजन

**सूरजपुर।** जनपद पंचायत रामानुजनगर के सूरता में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मराबी भी उपस्थित हुए थे। जिसमें उन्होंने क्षेत्र के आमजन को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने के लिये बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। उन्होंने कहा जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर के माध्यम से प्रशासन आपके द्वार पर पहुंचा है। इस अवसर का लाभ उठाये और ज्यादा से ज्यादा शिविर स्थल में पहुंचकर अपनी समस्याओं से निदान पायें। प्राप्त अंतिम जानकारी के अनुसार शिविर में 147 आवेदन प्राप्त हुए थे। समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर में प्राप्त आवेदन पर समय सीमा में समाधान कारक निराकरण के लिए कलेक्टर श्री रोहित व्यास द्वारा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। शिविर में कलेक्टर ने सूरजपुर समाधान एप्लीकेशन का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि समाधान एक व्हाट्सअप पर आधारित ऐप है। जिससे जुड़कर आमजन प्रशासन के माध्यम से अपनी समस्याओं का निराकरण प्राप्त करेंगें। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनों के साथ समाधान सूरजपुर एप्लीकेशन के लिए उपयोग में लाये जानें वाले व्हाट्सअप नंबर ''9826443377'' को साझा किया। उन्होंने कहा इस व्हाट्सअप नंबर के माध्यम से आप अपनी समस्या और सुझाव जिला प्रशासन के साथ साझा कर सकते हैं। इसके साथ ही इसी में पावती और अपने आवेदन की स्थिति जान सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह सुविधा शीघ्र ही सूरजपुर जिले वासियों के लिए चालू कर दी जायेगी। शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्टॉल स्थापित किया गया था। जिसमें ग्रामीण जन की ब्लड प्रेशर, मधुमेह व अन्य गैर संचारी रोगों का ईलाज किया गया। शिविर में जिला कौशल विकास प्राधिकरण द्वारा भी स्टॉल लगाया गया था। जिसमें 18 से 45 आयु वर्ग के लोगों को मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना से जोड़ने के लिये आवेदन कराया गया। जिसके तहत उन्हें विभिन्न ट्रेड में 03 से 06 माह के कोर्स में लाईवलीहुड कॉलेज पारी में प्रशिक्षण कराया जायेगा और उन्हें प्लेसमेंट के माध्यम से रोजगार के अवसर भी मुहैया कराया जायेगा। इसके साथ ही कृषि, खाद्य व अन्य विभागों के स्टॉल भी शिविर में लगाये गये थे।

## जिले में पटाखा दुकानों के लिए दिशा-निर्देश जारीः सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

**कोरिया।** जिले में संचालित स्थायी एवं अस्थायी पटाखा दुकानों के लिए सुरक्षा के मद्देनजर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं और एसडीआरएफ के सहयोग से ये निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार, पटाखा दुकानें ज्वलनशील पदार्थों जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट आदि से न बनाकर अज्वलनशील सामग्री से निर्मित टिन शेड में होनी चाहिए। इसके साथ ही, पटाखा दुकानों के बीच न्यूनतम 3 मीटर की दूरी अनिवार्य की गई है और ये दुकानें आमने-सामने नहीं होनी चाहिए। प्रकाश व्यवस्था के लिए तेल, लैंप, गैस या खुली बिजली बत्ती का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। पटाखा दुकानों के 50 मीटर के दायरे में आतिशबाजी का प्रदर्शन भी प्रतिबंधित रहेगा। दुकानों में शॉर्ट सर्किट से बचने के लिए फ्यूज या सर्किट ब्रेकर का उपयोग अनिवार्य होगा और विद्युत तारों में कोई खुला ज्वाइंट नहीं होना चाहिए। सुरक्षा के लिए प्रत्येक दुकान में 5 किलो क्षमता का डीसीपी अग्निशामक यंत्र अनिवार्य किया गया है। साथ ही, दुकानों के सामने 200 लीटर क्षमता वाले ड्रम और बाल्टी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। दुकानों के सामने वाहन पार्किंग पर भी सख्त पाबंदी लगाई गई है। अग्निशमन वाहन व एम्बुलेंस का फोन नम्बर दुकान परिसर में लगाना होगा। प्रशासन ने सभी पटाखा विक्रेताओं से इन दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करने का आग्रह किया है। उक्त निर्देश का पालन नहीं करने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। पटाखों के मौसम में आगजनी और दुर्घटनाओं से बचने के लिए यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## पंचायत आम निर्वाचन 2024: रिटर्निंग और सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**कोरिया।** पंचायत आम निर्वाचन 2024-25 के सुचारू संचालन हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने निर्वाचन कृत्यों के निर्वहन के लिए रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, कोरिया जिले के संपूर्ण क्षेत्र के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वयं रिटर्निंग अधिकारी होंगी, जबकि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इसी प्रकार, तहसील बैकुण्ठपुर के लिए तहसीलदार बैकुण्ठपुर रिटर्निंग अधिकारी होंगे और जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहायक रिटर्निंग अधिकारी होंगे। तहसील सोनहत के लिए तहसीलदार सोनहत को रिटर्निंग अधिकारी और जनपद पंचायत सोनहत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। तहसील बचरा-पोड़ी के सम्मिलित क्षेत्र के लिए तहसीलदार बचरा-पोड़ी को रिटर्निंग अधिकारी तथा अधीक्षक भू-अभिलेख, जिला कोरिया को सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति का उद्देश्य पंचायत चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारू ढंग से संपन्न कराना है।

## 3852 मे.टन धान की अफरातफरी,मंगला राइस मिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कोरिया।** मेसर्स मंगला राइस मिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दिया गया है। मेसर्स मंगल राईस मिल चितमारपारा पटना मिल की संचालिका श्रीमती कमला ठाकुर के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के अनुबंध के तहत कुल चावल जमा हेतु शेष- भारतीय खाद्य निगम- 2409.05 मे.टन, नागरिक आपूर्ति निगम 197.7 मे.टन 2606.76 मे.टन चावल की राशि (सामान्य अरवा) 3677.06 प्रति क्विंटल 26067.66 गुणा 3677.06 कुल राशि 9 करोड़ 58 लाख 52 हजार 349.87 रुपये खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंध के तहत श्रीमती कमला ठाकुर के द्वारा जिला विपणन कार्यालय बैकुण्ठपुर में कुल जमा बैंक गारंटी/पी.डी.सी./एफ.डी.आर. व पोस्टडेटेड चेक के माध्यम से 9 करोड़ 63 लाख 53 हजार 45.रू अतः मेसर्स मंगल राईस मित्र चितमारपारा, पटना के द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में कस्टम मिलिंग हेतु आननाईन मिलर माडयून से डी.ओ. के आवेदन के विरूद्ध 3895 मे.टन जारी डी.ओ. उपरांत धान उपार्जन केन्द्रों से कुल 3895 मे,टन कस्टग गिलि हेतु धान का उठाव किया गया जिसका अनुपातिक चावल नान/एफ,सी.आई. हैं 2635.74 मे. टन जम्मा करने योग होता है जिसमें से मात्र 28,98 मे,टन चावल जमा किया गया है।

जिला स्तरीय जांच टीम के द्वारा मिल परिसए/गोदाम में भौतिक सत्यापन करने पर शेष बच्चे धान/चावल की मात्रा निरंक पाया गया। मिल संचालिका श्रीमती कमला ठाकुर के द्वारा अपने जवाब में मित्र पुराना होने के कारण छत से पानी टपकना तथा मिल में स्थापित मशीनें भी खराब होने का उल्लेख किया गया है जिससे यह प्रतीत होता है कि मिल संचालिका द्वारा कस्टम मिलिंग कर चावल जमा करने में अत्यंत गंभीर अनियमितता की गई है जो अपराध की श्रेणी में आता है। क्योंकि सहकारी समितियों में शासन द्वारा उपार्जित धान का मित्रिंग कर चावल भारतीय खाद्य निगम/नागरिक आपूर्ति निगम को जमा करना था उसका प्रथम दृष्टया गबन करना पाया गया है। मेसर्स मंगल राईस मिल चितमारपारा पटना मिल परिसर/गोदाम में शेष धान/चावल निरंक होने से यह प्रतीत होता है कि मिल संचालिका श्रीमती कमला ठाकुर के द्वारा उपार्जन केन्द्रों से उठाये शेष 3852.62 प्रे.टन धान का गबन किया गया है। मेसर्स मंगल राईस मिल चितमारपारा पटना के द्वारा जमा किये गये अमानत राशि बैंक गारंटी/पी डी.सी./एफ.डी. आर, की राशि से वसूली करते हुए मिल को काली सूची में दर्ज कर संबंधित राईस मित्र के विरुद्ध श् जिला कलेक्टर द्वारा प्रथम सूचना पत्र दर्ज करने हेतु आदेशित किया गया है। जिसके परिपालन में पत्र क्रमांक/विपणन/315/2024 बैकुण्ठपुर 17 अक्टूबर के संबंध में कार्यालयीन पत्र प्रस्तुत कर प्रथप्न सूचना पत्र आरोपिया मे. मंगल राईस मिल चितमारपारा पटना की संचालिका श्रीमती कमला ठाकुर के विरूद्ध दर्ज की गई।

यह जानकारी जिला विपणन अधिकारी श्रीमती प्रीति भारद्वाज द्वारा पटना थाना में दी गई है। पटना थाना ने मेसर्स मंगला राइस मिल के संचालिका श्रीमती कमला ठाकुर के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 318 (4), 316 (5) एवं 61 के तहत दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में एफसीआई/नान में औसत से कम चावल जमा करने वाले राईस मिलर मे. मंगल राईस मिल- चितमारपारा पटना (एमए534844) मिल का भौतिक सत्यापन करने हेतु जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त टीम के द्वारा 30 अगस्त 2024 को चितमारपारा पटना स्थित मिल के प्रतिनिधि एवं मिल कर्मचारी की उपस्थिति में धान/चावल का भौतिक सत्यापन किया गया जो भारतीय खाद्य निगम - मिलर द्वारा उठाये गये धान की मात्रा 3560 मे.टन, उठाये गये धान के विरूद्ध जमा किये जाने वाले चावल- 2409.05 मे.टन, जमा किये गये चावल की मात्रा- निरंक, चावल जमा योग्य शेष मात्रा-2409.05 मे.टन, मिल के भौतिक सत्यापन में पायी गई धान एवं चावल की मात्रा-निरंक, नागरिक आपूर्ति निगम- मिलर द्वारा उठाये गये धान की मात्रा 335 मे.टन, उठाये गये धान के विरूद्ध जमा किये जाने वाले चावल- 226.69 मे.टन, जमा किये गये चावल की मात्रा- 28.98 मे.टन, चावल जमा योग्य शेष मात्रा- 197.71 मे.टन, मिल के भौतिक सत्यापन में पायी गई धान एवं चावल की मात्रा-निरंक, योग- मिलर द्वारा उठाये गये धान की मात्रा 3895 मे.टन, उठाये गये धान के विरूद्ध जमा किये जाने वाले चावल- 2635.74 मे.टन, जमा किये गये चावल की मात्रा- 28.98 मे.टन, चावल जमा योग्य शेष मात्रा- 2606.76 मे.टन, मिल के भौतिक सत्यापन में पायी गई धान एवं चावल की मात्रा-निरंक उपरोक्तानुसार मिल में जांच टीम के द्वारा धान एवं चावल नहीं पाया गया और न ही मिल संचालिका द्वारा अद्यतन भारतीय खाद्य निगम एवं नागरिक आपूर्ति निगम में पूर्ण चावल जमा किया गया है। जांच के दौरान मिल प्रतिनिधि एवं कर्मचारी के द्वारा इस संबंध में समाधान कारक जवाब या सुसंगत दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किया गया। मिल के भौतिक सत्यापन मेंधान/चावल की निरंक मात्रा पाये जाने पर संबंधित मे. मंगल राईस मिल चितमारपारा पटना की संचालिका श्रीमती कमला ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त कारण बताओ नोटिस के संबंध में मे. मंगल राईल मिल चितमारपारा पटना की संचालिका श्रीमती कमला ठाकुर के द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषप्रद नहीं है साथ ही मिलर ने यह भी स्वीकार किया है कि मिल की मशीन ठीक नहीं है मिल में नई मशीन स्थापित किया जा रहा है।

## एप के माध्यम से रोजगार पंजीयन की सुविधा व मिलेगी अन्य जानकारी

**कोरिया।** जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ रोजगार पंजीयन एप लांच किया गया है। इस एप के माध्यम से रोजगार पंजीयन की सुविधा के अलावा शासकीय क्षेत्रों में भर्ती की सूचना तथा निजी क्षेत्रों के रिक्तियां रोजगार मेला/प्लेसमेंट कैम्प की जानकारी इस एप के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। बता दें कि यह एप गूगल प्ले स्टोर से एवं रोजगार कार्यालय की विभागीय वेबसाईट https://erojgar.cg.gov.in से भी डाउनलोड कर सकते है।

## अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर कड़ी कार्रवाई:दो वाहन जब्त

**कोरिया।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में खनिज विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन, और भंडारण के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 16 अक्टूबर को तहसील पटना क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए दो वाहन जब्त किए गए। जिला खनिज अधिकारी ने जानकारी दी है कि 16 अक्टूबर को वाहन क्रमांक सीजी 16 सीजी 6923 के चालक जलजीत वाहन मालिक संतोष साहू, तथा सोल्ड ट्रेक्टर सोनालिका के चालक अगेश्वर और मालिक हरिशंकर पैकरा को खनिज रेत का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इन वाहनों को मौके पर जप्त कर थाना पटना की अभिरक्षा में रखा गया है। इन वाहन मालिकों के खिलाफ छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। नियमानुसार 24,000 रुपये का अर्थदंड प्रस्तावित किया गया है, जिसे खनिज मद में जमा कराया जाएगा।

## जानकारी देने में देरी पर 25000 की पेनल्टी लगाई

**कोरबा।** जनपद पंचायत पौड़ी उपरोड़ा के लालपुर स्थित जन सूचना अधिकारी सचिव पर ?25000 की पेनल्टी लगाई गई है। सूचना के अधिकार के अंतर्गत समय पर वांछित जानकारी नहीं देने का आरोप उन पर लगा है।

इस मामले में जितेंद्र कुमार ने पंचायत से संबंधित की जानकारी मांगी थी। सचिन ने ना तो इस पर ध्यान दिया और ना ही समय पर जानकारी देने में दिलचस्पी दिखाई। आवेदन करने वाले ने इस बारे में अपील की और मामले में कार्रवाई करने की मांग की। संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन करने के साथ पाया कि जन सूचना अधिकारी ने लापरवाही का प्रदर्शन किया है। इस आधार पर इस प्रकरण में ?25000 की पेनल्टी सचिव मोहम्मद हसन पर लगाई गई है।

# डीए मसले पर मुख्यमंत्री के विरूद्ध घटिया टिप्पणी, व्याख्याता सस्पेंड

### सोशल साईड फेसबुक पर लिखे थे अपमानजनक शब्द, सरकार ने लिया संज्ञान

कोरबा। विभिन्न विषयों पर लोग अपनी बात सकारात्मक और नकारात्मक दोनों तरीके से लिखते हैं। इसके लिए उन्हें अलग-अलग मंच मिले हुए हैं। इस दौरान शब्दों की मर्यादा का ध्यान रखना जरूरी होता है। अन्य स्थिति में अभिव्यक्ति का अधिकार का दुरूपयोग महंगा पड़ जाता है। महंगाई भत्ता को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करना कोरबा जिले के एक शिक्षक को भारी पड़ गया। सरकार ने तत्काल प्रभाव से व्याख्याता को सस्पेंड करने का आदेश दिया है।

जानकारी के अनुसार पिछले दिनों राज्य सरकार ने 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता बढ़ाकर 50 प्रतिशत महंगाई भत्ता राज्यकर्मियों का किया था। हालांकि राज्य सरकार की इस घोषणा से शिक्षक व कर्मचारी खुश नहीं थे। अलग-अलग तरीकों से शिक्षकों ने इसका विरोध भी जताया था। इसी कड़ी में कोरबा जिले के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोथारी विकासकंड करतला में पदस्थ व्याख्याता नित्यानंद यादव ने इस मुद्दे पर फेसबुक पर मुख्यमंत्री के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। सोशल मीडिया पर किये इस पोस्ट पर शिक्षा विभाग ने संज्ञान लिया और नित्यानंद यादव को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। व्याख्याता नित्यानंद यादव को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जिला जांजगीर-चाम्पा अटैच किया गया है।

#### निगरानी रखी जा रही है पोस्ट पर

लोगों को पता होना चाहिए कि इंटरनेट का उपयोग करने वालों की सभी गतिविधियों की निगरानी करने के लिए कई प्रकार के माध्यम बने हुए हैं। सिस्टम के हिसाब से इस तरह की चीजों पर लगातार दृष्टि रखी जाती है कि अलग-अलग स्तर पर कौन से विषय चल रहे हैं और कौन क्या कुछ लिख रहा है। बड़े हिस्से में इसके असर को ध्यान में रखा जाता है और उक्तानुसार जरूरी कार्यवाही भी की जाती है। याद रखना होगा कि सोशल मीडिया सरकार से लेकर समाज और लोगों तक अपनी पहुंच बनाने का जरिया ही नहीं बलिक यह दिखाने का माध्यम है कि आप क्या कुछ सोच सकते हैं और किस प्रकार से बदलाव ला सकते हैं। इस मामले में सोशल मीडिया प्लेटफर्मा पर लिखी गई गलत चीज और गलत विचार अपनी व्यापकता से बहुत कुछ नुकसान करा सकता है। कई मामले में इसके नतीजे भी आएं हैं।

## त्रिपुरा राइफल्स के जवान ने खुद पर चलाई गोली, मौत

**कोरबा।** अर्धसैनिक बल त्रिपुरा राइफल्स के एक जवान अजब सिंह ने ड्यूटी के दौरान माइंस में खुदकुशी कर ली। उसने अपनी राइफल से खुद पर गोली चला ली और मौके पर ढेर हो गया। मामले की जानकारी कुसमुंडा पुलिस को दी गई है। मर्ग कायम करने के साथ आगे की कार्रवाई की जा रही है।



साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड कुसमुंडा क्षेत्र की माइंस में सुरक्षा के लिए अर्धसैनिक बल त्रिपुरा राइफल्स को जिम्मेदारी दी गई है, उसके अंतर्गत जवान अजब सिंह यहां पर काम कर रहा था। बताया गया की शुक्रवार की रात जवान अपने शिफ्ट ड्यूटी पर मौजूद था तभी उसके द्वारा अपनी राइफल से यह आत्मघाती कदम उठाया गया । माइंस में गोली चलने की खबर सुनकर आसपास में उपस्थित कर्मचारी हरकत में आये। वहां पहुंचने पर पता चला कि माजरा क्या है । जवान के द्वारा खुदकुशी किए जाने की खबर ने एसईसीएल प्रबंधन और त्रिपुरा राइफल्स को सक्ते में डाल दिया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंच इस बारे में जानकारी ली। प्रारंभिक सूचनाओं में बताया गया कि अजब सिंह कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था। घटना के बारे में कैंप के अधिकारियों ने मृतक जवान के परिवार जनों को अवगत करा दिया है। कई औपचारिकताओं के साथ अजब सिंह का शव उसके घर के लिए रवाना किया जाएगा।

## मांगों पर कार्यवाही नहीं होने से नाराज शिक्षक 24 को नहीं जाएंगे स्कूल

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के नेतृत्व में 24 अक्टूबर को सरकारी विद्यालयों में अध्यापन कराने वाले सभी शिक्षक सामूहिक अवकाश लेकर हड़ताल पर जाएंगे। हड़ताल का उद्देश्य शिक्षकों की कई लंबित मांगों के प्रति सरकार का ध्यान आकर्षित करना है, जिसमें विशेष रूप से वेतन विसंगति, संविलियन पूर्व सेवा गणना, पुरानी पेंशन योजना, क्रमोन्नति, और महंगाई भत्ता एरियर्स जैसे मुद्दे शामिल हैं।

मोर्चा के पदाधिकारी प्रमोद सिंह राजपूत, मनोज चौबे, राजेंद्र ने बताया कि सरकार ने 4त्न महंगाई भत्ते की घोषणा की है, जिसका स्वागत है, लेकिन बकाया 9 माह का महंगाई भत्ता एरियर्स के रूप में नगद या तक्क्ष खाते में जमा होना चाहिए। इसके अलावा, केंद्र सरकार के समान देय तिथि से डीए प्रदान करने की भी मांग की गई है।

संघर्ष मोर्चा के सदस्यों ने कहा कि एल.बी. संवर्ग के शिक्षकों को विशेष रूप से कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। संघर्ष की शुरुआत हो चुकी है और अब 24 अक्टूबर को जिले के मुख्यालय में शिक्षक बड़ी संख्या में धरना प्रदर्शन करेंगे। शिक्षक इस दिन अवकाश लेकर प्रदर्शन में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे, ताकि शासन-प्रशासन उनकी मांगों पर ध्यान दे और त्वरित कार्रवाई करे।

## उत्सव के लिए खरीदारी शुरू यातायात नियंत्रित करने की चुनौती

### स्थिति को सामान्य बनाए रखने के लिए दिया गया दायित्व




**कोरबा।** फेस्टिवल सीजन के दौर में हर क्षेत्र की सड़कों पर न केवल भीड़ का दबाव होता है बल्कि दुकानों में भी कुछ ऐसे ही हालात बने होते हैं। समय के साथ लोगों की बढ़ती क्रय शक्ति ने उन्हें अपनी जरूरत की अधिकतम पूर्ति का मौका दिया है। इन सब के बीच सड़कों पर ट्रैफिक को कंट्रोल करने का चैलेंज पुलिस के सामने है। इसके लिए कोरबा में पुलिस ने अपने हिसाब से नई स्ट्रेटजी बनाई है और ट्रैफिक टीम को कई बिंदु पर डिप्लॉय किया है । उन्हें शाम 4ः00 से रात्रि 10ः00 तक व्यापक पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए गए हैं ।

करवा चौथ से लेकर दीपावली तक के लिए बाजार सजना शुरू हो चुका है। आने वाले दिनों में दीपोत्सव के लिए लोग खरीदी के लिए बाहर निकलेंगे और इस दौरान बाजार में भारी भीड़ उमड़ेगी। इस दौरान शहर में किसी तरह की भीड़भाड़ व जाम की स्थिति निर्मित ना हो इसके लिए यातायात पुलिस ने रूट प्लान तैयार किया है और इसके लिए शहर के इलाके को 5 जोन में विभक्त कर ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए कोशिश की जा रही है। 31 अक्टूबर को दीपोत्सव का त्यौहार मनाया जाएगा। इस दौरान इससे पहले धनतेरस, नरक चौदस का त्यौहार भी धूमधाम से मनाया जाएगा। दीपोत्सव के लिए बाजार पूरी तरह से सज कर तैयार हो चुका है और बाजार में रौनक अभी से दिखने लगी है क्योंकि इससे पहले ही एसईसीएल, बालको सहित अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों को बोनस की राशि बांट दी गई है। जिसके चलते बाजार में रौनक है। और अभी से ही बाजार में भीड़ उमड़ने लगी है लोग अपने-अपने पसंद के अनुरूप सामानों की खरीदी करने लगे हैं। आने वाले दिनों में जैसे-जैसे दीपोत्सव नजदीक आएगा वैसे ही बाजार में और भी रौनक बढ़ेगी। खासतौर पर जैसे ही धनतेरस नजदीक आएगा। इस दौरान भारी भीड़ शहर के मार्केट में नजर आएगी। लोग बड़े पैमाने पर सराफा व इलेक्ट्रॉनिक के साथ-साथ ऑटोमोबाइल्स बाइक सहित अन्य सामानों की खरीदारी करने को लेकर उत्साहित दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में कोरबा शहर और उपनगर क्षेत्र की सड़कों पर आवागमन का दबाव बढ़ना शुरू हो गया है। तमाम तरह की चुनौतियों के बीच यातायात को ठीक प्रकार से नियंत्रित करने की जिम्मेदारी ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों के कंधों पर हैं। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक ने अगले त्यौहार सीजन तक व्यवस्था को बेहतर बना रखने के लिए कई प्रकार के दिशा निर्देश अपनी टीम को दिए हैं।

इसके अनुसार श्याम से रात तक निरंतर पेट्रोलिंग करने को कहा गया है ताकि कहीं भी यातायात जाम जैसी स्थिति उत्पन्न ना हो और दूसरी घटनाओं को भी रोका जा सके।

## स्मृति दिवस पर याद किए जाएंगे शहीद

**कोरबा।** पुलिस स्मृति दिवस 21 अक्टूबर को मनाया जाएगा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय परिसर में इस अवसर पर सुबह 9ः00 बजे कार्यक्रम रखा गया है। 1 वर्ष के दौरान देशभर में विभिन्न स्थानों पर शहीद हुए पुलिस और सेना के जवानों को इस कार्यक्रम में श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। इसके अलावा जिले के शहीदों के परिजनों का सम्मान भी कार्यक्रम में किया जाएगा। क्षेत्र के जनप्रतिनिधि अधिकारी और गणमान्य जन इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे

## राजपूत क्षत्रिय समाज की बैठक रविवार को

**कोरबा।** राजपूत क्षत्रिय समाज जिला कोरबा 12124 की बैठक 20 अक्टूबर को शाम 5ः00 बजे महाराणा प्रताप सभा भवन बुधवारी क्षेत्र कोरबा में रखी गई है।। आजीवन सदस्यों की उपस्थिति में इस बैठक में विचार मंथन के साथ कई निर्णय लिए जाएंगे। समाज के जिला अध्यक्ष अवधेश सिंह और महासचिव मुकेश सिंह ने सभी आजीवन सदस्यों को बैठक में उपस्थिति दर्ज करने को कहा है।

## प्रदेश अध्यक्ष बैज का स्वागत

**कोरबा।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज रायपुर से उदयपुर जाते समय उनका पाली मार्ग पर जोरदार स्वागत किया गया। सुतर्रा में बांकी मोगरा के ब्लाक अध्यक्ष टीकाराम मनहरण युवा कांग्रेस जिला ग्रामीण अध्यक्ष विकास सिंह,फिरोज अनंत,रहमान खान वीर नारायण चौक पर प्रदेश सचिव विकास शुक्ला, गोपाल यादव, प्रकाश सिंह, कटघोरा शहर में ब्लाक अध्यक्ष रवि लखन पाल के नेतृत्व में दीपक बैज का स्वागत किया जाएगा। इसी तरह दीपका ब्लाक के दिलीप सिंह , विशाल शुक्ला केदार नाथ सहित अनेको कार्यकर्ता स्वगत करने के लिए कटघोरा पहुंचे हुए है।

## करेट की चपेट में आए पति पत्नी दोनों की मौत

**कोरबा।** कोयलांचल में घटित एक घटना में आज सुबह करेट की चपेट में आने से पति पत्नी की मौत हो गई। खबरों में बताया गया कि यह घटना कुसमुंडा थानाअंतर्गत मनगांव नामक गांव के आदर्श नगर में घटित हुए यहां पर सरदार चाल स्थित है। जिसमें कई लोग किराए में रहते है। किराए में रहने वाले एक परिवार आज मुश्बित टूट पड़ी यहां मकान के पास एक खंभे में करेट प्रवाहित था। जिसमें पहले तो अचानक उसके चपेट में आकर चिपक गया पति को खंभे में चिपकते देख पत्नी भी उसे छुड़ाने मौके पर पहुंची तो वह भी चपेट में आ गई। गांव वालों को दंपत्ति के करेट के चपेट में आने की जानकारी मिली तो दोनो को किसी तरह खंभे से अलग कर अस्पताल पहुंचाया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मृत दंपत्ति का एक आठ साल का बच्चा है जो इस घटना से बेसहारा हो गया है। वें लोग बहार से आकर खदान क्षेत्र में काम करते थे।

*कोरबा। नगरी निकाय चुनाव के लिए 23 अक्टूबर तक नहीं मतदाताओं के नाम जोड़ने, सुधारने और विलोपन करने की प्रक्रिया जारी है। इस मामले में भूत लेवल अधिकारियों का मार्गदर्शन अधिकारी कर रहे हैं

**किराये से देना है**

मेन रोड कोरबा धर्म अस्पताल के सामने दुकान किराये से देनी है।

-:संपर्क करें :-

सुरजीत सिंह गुलाटी
मो.-8120594099

## बदहाल सड़कों से परेशानी, इधर टाईल्स लगाने का प्रयोग जारी

**कोरबा।** नगर पालिक निगम कोरबा के जिम्मेदार अधिकारियों के दिमाग और अदूरदर्शी सुझाव की दाद देनी पड़ेगी। जनता से टैक्स के रूप में मिलने वाले पैसों का कैसा उपयोग और दुरुपयोग करना है, यह इनसे बेहतर कोई नहीं जान सकता। अनुपयोगिता में उपयोगिता ढूंढने का भी इनका गजब का हुनर है।

शहर में हो रहे अद्भुत विकास की लिखी और लिखाई जा रही इबारत में टाईल्सीकरण पर रह-रह कर निगाह जाती है कि इसका आखिर औचित्य और उपयोगिता कहां पर कितनी है या सिर्फ सुंदरता के नाम पर सरकारी धन को खपाना है, इसलिए कुछ भी करा दो, बोलने वाला कौन है..!

हम बात कर रहे हैं निगम क्षेत्र के सड़कों की जो बारिश की मार से अपनी औकात पर आ गए हैं। इनकी मरम्मत के नाम पर शुरू हुआ विवाद तो हाईकोर्ट तक पहुंच गया है, फजीहत के बाद अब डामरपोती शुरू हो गई है।

इधर दूसरी तरफ कुछ सड़कों के किनारे-किनारे खाली जगहों पर कई दिनों से टाइल्स बिछाए जा रहे हैं। एक तरफ अतिक्रमण तो दूसरी तरफ स्लैब वाली नाली, किन्तु इन दोनों पर टाइल्स/पेवर ब्लॉकिंग के काम हुए हैं। काम होते ही फिर वही ठेला,गुमटी रखा गया है, फुटपाथ नाम की चीज तो है नहीं। दूसरी तरफ स्लैब तक के ऊपर टाइल्स लगाया गया है जो चंद दिनों में उखड़ना भी शुरू ही गए हैं। इनका लाभ इंसानों को मिले या न मिले लेकिन घूरे(कचड़े) के दिन जरूर फिर गए। कहाँ सीलन वाली घास-फूस की जमीन पर उन्हें फेंका जाता था,अब तो टाइल्स नसीब हो



गई है। इंसान तो इस पर चलते नहीं,पर गौवंशों सहित अन्य वंशों का गोबर/गंदगी जरूर बिखरे नजर आते हैं। इसी तरह से मुख्य सड़क हो या आंतरिक इलाकों के मार्ग, पेवर ब्लॉक कूड़ा-कचरा फेंकने के ही काम आ रहा है और सड़कें बदहाली के आंसू रो रही हैं।

## ऑफर का आकर्षण

**कोरबा।** दीपावली के फेस्टिवल सीजन को देखते हुए अलग-अलग सेक्टर में व्यवसाय करने वाले वर्ग ने उपभोक्ताओं के लिए ऑफर लांच किए हैं। माना जा रहा है कि इस प्रकार के ऑफर से लोगों पर सम्मोहन होता है ।

## कोयला कामगारों की समस्याओं पर चर्चा

**कोरबा।** एसईसीएल गेवरा एरिया में एचएमएस और प्रबंधन के मध्य आईआर की वार्ता आयोजित की गई। जिसमें वरिष्ठ नेता रेशम लाल यादव ने प्रबंधन के सामने अपनी समस्या को सामने रखते हुए कहा कि खदान क्षेत्र में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। खदान पहुंच मार्ग को ठीक करने की जरूरत है। बरसात के मौसम में कई ऐसे मार्ग है जो खराब हो गए है। जो आने जाने के लिए उचित नही है। ऐसे मार्ग की अवलोकन कर बनाया जाए। इस क्षेत्र में रहने वाले कामगार भी आवासों की समस्या से जुझ रहे है। आवास काफी पुराने होने के कारण मरम्मत किए जाना काफी जरूरी है। कई आवेदन मरम्मत के लिए भेजे गए है। ऐसे आवदनों पर तत्काल कार्रवाई की जाए। शेख चांद मंसूरी ने भी कामगारों की समस्याओं को उठाया और कहा कि उड़ रहे धूल से लोग परेशान है। चिकित्सायलय में भी जितनी समस्रूाए है। उसे दूर किया जाए।




**प्रतिभाओं को दिया मंचः** भारत विकास परिषद अच्छे उद्देश्य को लेकर समाज के बीच काम कर रहा है। कोरबा जिला इकाई ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को परिष्कृत करने के लिए गायन विधा पर कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यालय और महाविद्यालय की छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में अपनी भागीदारी करते हुए कौशल का परिचय दिया। इससे पहले भी परिषद इस प्रकार के कार्यक्रम शहर और जिले में कर चुका है।







## मिट्टी के दियों की मांग तेज

**कोरबा।** करवा चौथ दीपावली और छठ पूजा को ध्यान में रखते हुए कोरबा जिले में लाखों की संख्या में मिट्टी के दियों को तैयार किया जा रहा है। प्रजापति समुदाय इस काम में जुटा हुआ है वह पुश्तैनी रूप से इस व्यवसाय में शामिल है।

## भालू को देखना महंगा पड़ा, हमले में युवक की मौत

**कोरबी-चोटिया।** कटघोरा वन मंडल के वन परिक्षेत्र जटगा के परिसर बासिन में कक्ष क्रमांक पी 269 के छापरखोला नामक स्थान में जंगली भालू द्वारा ईश्वर पिता देवराज उम्र -38 वर्ष निवासी धनरास ग्राम पंचायत आमलीकुंडा को मौत के घाट उतार दिया गया। बताया जा रहा है कि वह गाय चराने हेतु जंगल गया था, इस दौरान नाले के समीप जाकर गुफा में छुपे जंगली भालू को देखने का प्रयास किया था कि इसी दौरान भालू द्वारा गाय और ईश्वर पर हमला कर दिया गया। हमला करने से उसके गले ,बाय आंख के ऊपरी सिर के हिस्से एवं पैर में गंभीर जख्म होने से व तत्काल इलाज के अभाव में उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना पाकर वन अमला मौके पर पहुंचा और थाना पसान को सूचित किया गया। शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भेजा गया। वन मंडल अधिकारी कुमार निशांत के निर्देश पर प्राथमिक सहायता राशि 25000 रुपए परिक्षेत्र अधिकारी जटगा द्वारा मृतक की माता तुरतिया बाई को प्रदाय किया गया। आसपास के ग्रामों में जंगल की ओर न जाने हेतु मुनादी कराई गई।

## श्याम सुंदर अग्रवाल दिवंगत

**कोरबा।** पावर हाउस रोड निवासी और श्याम ट्रेडर्स के संचालक श्याम सुंदर अग्रवाल का 72 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे कृष्ण कुमार अग्रवाल और प्रदीप अग्रवाल के पिता थे। आज शाम 4.00 उनके निवास से अंतिम यात्रा निकाली जाएगी मोती सागर पर में






स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com